॥ श्रीः ॥

हरिदास संस्कृत ग्रन्थमाला

१०५

महाकवि-भारविप्रणीत

किरातार्जुनीयम्

कोलाचल-मल्लिनाथविरचित-

'घण्टापथ' व्याख्या सहित 'प्रकाश' हिन्दीव्याख्योपेतम्

हिन्दी-व्याख्याकार

पं० आदित्यनारायण पाण्डेय शास्त्री

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी

१९८०

HARIDAS SANSKRIT SERIES

105

KIRĀTĀRJUNĪYAM

OF

MAHĀKAVI-BHĀRAVI

With Ghantapath Sanskrit Commentary

OF

KOLĀCHAL MALLINĀTH

and

With 'Prakash' Hindi Commentary

By

Pt, ADITYANĀRĀYAṄ PANDEY

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

Varanasi–221001 (India)

1980

उपोद्घातः

अयि साहित्यरसास्वादनपरायणाः सहृदया विद्वांसः !

विदितमेवास्ति श्रीमतां तत्र भवतां यदिह समेऽपि शरीरिणः सततं सुखमेव समीहमाना दरीदृश्यन्ते। परमिह कमप्यनिर्वचनीयं निरतिशयानन्दरूपं काव्यादि-परिशीलनजन्यं ब्रह्मानन्दसहोदरं जीवनोद्देश्यभूतं सुखविशेषं सविशेषमनुभवितुं केचन विरला एव साहित्यरसिकाः परमभागधेयाः पारयन्ति।

तत्साधनतयैव भवतां पुरः प्रस्तूयते किरातार्जुनीयं नाम महाकाव्यम्। तद्धि 'भारवेरर्थगौरव' मिति लोकोक्तिं कृतार्थयत्, स्थले स्थले गुणगणगरिमाऽतिशालिनं गूढाशयं प्रकाश्य परमरमणीयचमत्कारशालि चार्थगौरवं समुद्भास्य समेषामपि विदुषां चेतश्चमत्करोति।

ग्रन्थोऽयं किरातवेषधारिशिवमर्जुनश्चाधिकृत्य कृतो भारविणेति समूलकमन्वर्थं नाम पुष्यन्नतीव शब्दादिसौष्ठवगुम्फनद्वारा काव्यजगति विदग्धचेतसां परमादरा-स्पदमापत्।

अर्जुनो हि तीव्रतपसा समाराध्य शिवमतूतुषत्। संतुष्टाच्च भगवतः शिवात् प्रसादरूपेण पाशुपतास्त्रं प्रापदित्यत्र प्रधानविषयो विदेलिमो विदुषा।

अस्मिंश्च महामहोपाध्याय-कोलाचल-मल्लिनाथकृति-कृता घण्टापथाख्या व्याख्या परमप्राचीना सर्वाङ्गीणा च संयोजिता नितरां चकास्ति। परमद्यत्वे सुकुमारमतीनां छात्राणां तावतापि सर्वथाऽध्ययनादौ पूर्णसौविध्यं न भवति स्मेति निभाल्य पं० श्री आदित्यनारायणपाण्डेयेन विरचिता "प्रकाश" नाम्नी परमोप-कारिणी हिन्दीभाषामयी टीकाऽपि प्रतरां समुज्जृम्भते।

ग्रन्थस्यास्य निर्माता विद्वद्धुरीणस्य दण्डिनः पितामहः श्रीनारायणस्वामिन-स्तनूजो दामोदरापरनामा सुगृहीतनामधेयस्तत्रभवान् महाकविः श्रीभारविमहोदयः षष्ठशतकान्ते सप्तमशतकादौ च इलातलमिदं समबीभसत्।

स्वजन्मना च कतमं देशं व्यबूभुषदिति विशेषप्रमाणानुपलब्धेर्वक्तुं न पार्यते। केचन चैनं दाक्षिणात्यं मन्यते परं तत्रापि प्रबलप्रमाणविरहान्न नो विश्वासः।

व्याख्याविधातुः कवेर्मल्लिनाथस्य स्थितिकालस्तु चतुर्दशं खिस्ताब्दीयं शतकमासीदिति न केषामपि विदुषां तत्र विवादः।

सर्वथा लाभलोभं विधूय संस्कृतच्छात्रहितैषिभिः श्रीजयकृष्णदासहरिदासगुप्तमहोदयैः परमोपकारिणीभिरुक्तसंस्कृतहिन्दीटीकाद्वयीभिः समलंकृत्य विद्वत्प्रकाण्डैः संशोध्य च ग्रन्थोऽयं प्रकाशतां नीत इति शीशकाद्यक्षरसंयोजकदृष्टिदोषेण संशोधकदृष्टिदोषेण च जायमानत्रुटिं गुणैकग्राहिणो मनीषिणः क्षंस्यन्ते इति नूनमहमाशासे।

विदुषामनुचरः—
सम्पादकः

प्रस्तावना

महाकवि भारवि

विद्वत् शिरोमणि भारवि संस्कृत-साहित्य के एक प्रसिद्ध महाकवि हैं। कवियों की गणना में इनका प्रमुख स्थान है। इनकी रचनाशैली अत्यन्त मनोहर और अर्थगौरव से पूर्ण है, जो आज भी 'भारवेरर्थगौरवम्' इस लोकोक्ति को चरितार्थ करती है। महाकवि भारवि याचना-कार्य को अत्यन्त घृणित समझते थे। इस विषय में महाकवि ने लिखा है— 'धिग्विभिन्नबुधसेतुमर्थिताम्'। महाकवि के प्राकृतिक वर्णन अतीव चमत्कारजनक हैं। आपने प्रत्येक प्राकृतिक वर्णन को पूरी नैसर्गिकता का प्रदर्शन करने के लिये प्राकृतिक वस्तुओं का सुन्दर चित्रण किया है। आपके सर्वतोभद्र आदि चित्र-काव्य और श्लेषात्मक एकाक्षर द्व्यक्षर आदि श्लोक अतीव सुन्दर हैं, जिन्हें लेकर मल्लिनाथ ने कहा भी है—

नारिकेलफलसंनिभं वचो भारवेः सपदि यद्विभज्यते।
स्वादयन्तु रसगर्भनिर्भरं सारमस्य रसिका यथेप्सितम् ॥

आपको राजनीति का भी अधिक अनुभव था। आपकी वंशस्थवृत्ति को कवि क्षेमेन्द्र ने बेजोड़ बताया है।

समय-निर्णय

यद्यपि महाकवि भारवि का समय निर्णय करना कठिन है तथापि प्राप्तलेखों के आधार पर कुछ लिखने का प्रयत्न किया जा रहा है—

व्हियेना ओरिएटल्ल सोसाइटी जनरल के तृतीय भाग के पृष्ठ १८४ में हरमैन जेकोबी महोदय ने षष्ठ शताब्दी का पूर्व भाग भारवि का समय लिखा है। सप्तम शताब्दी के बाणभट्ट ने अपने हर्षचरित नामक ग्रन्थ में अपने से पूर्व काल के प्रायः समस्त कवियों का नामोल्लेख किया है किन्तु भारवि का कहीं निर्देश नहीं किया। अतः बाणभट्ट के मत से सप्तम शताब्दी से भी बाद के भारवि कहे जा सकते हैं। दुर्विनीत ने अपने किरातार्जुनीय की व्याख्या के परिचय में भारवि का समय (५५०–६०० ई०) कहा है। प्रोफेसर बलदेव उपाध्याय ने अपने संस्कृत-साहित्य के इतिहास में भारवि का समय षष्ठ शताब्दी के लगभग लिखा है। पण्डित सीताराम जयराम जोशी तथा विश्वनाथ शास्त्री भारद्वाज द्वारा निर्मित संस्कृत-साहित्य के संक्षिप्त इतिहास में भारवि का समय षष्ठ शताब्दी का उत्तरार्ध माना गया है। एहोल (Aihole) शिलालेख में रविकीर्ति ने कालिदास और भारवि का उल्लेख किया है। इस शिलालेख का समय (६३४ ई०) है। आज भी यह शिलालेख 'एहोल' ग्राम के जैन विहार में मिलता है।[1] इस शिलालेख के आधार पर भारवि का समय

---

१. येनायोजि नवेऽश्मस्थिरमर्थविधौ विवेकिना जिनवेश्म।
स विजयतां रविकीर्तिः कविताश्रित-कालिदासभारविकीर्तिः ॥ शिलालेखोऽयम् ॥

षष्ठ शताब्दी का उत्तरार्ध मानना ही उचित होगा। (सन् १९२४ में) के० रामनाथशास्त्री तथा रामकृष्ण कवि के द्वारा दक्षिण भारती ग्रन्थमाला के तृतीय पुष्प में प्रकाशित दण्डी कवि प्रणीत 'अवन्ति सुन्दरी कथासार' में लिखा है कि भारवि अचलपुर के निवासी और कौशिक गोत्रोत्पन्न नारायण स्वामी के पुत्र थे।

महाकवि का एक नाम दामोदर भी था। आप दाक्षिणात्य ब्राह्मण थे और महाराज विष्णुवर्धन के सभापण्डित थे।[1] परन्तु अभी तक समस्त विद्वानों ने इसे मान्यता नहीं दी है। बहुतों का मत है कि भारवि दक्षिण भारत के निवासी थे और दण्डी के चतुर्थ पूर्वज दामोदर से उनकी घनिष्ठ मित्रता थी तथा वे दक्षिण भारत के चालुक्य वंशी महाराज विष्णुवर्धन के सभापण्डित थे।

किरातार्जनीयम्—

किरातार्जुनीय में अट्ठारह सर्ग हैं। कविप्रोक्त महाकाव्य के लक्षण से युक्त होने के कारण यह महाकाव्य कहलाता है और यह बृहत्त्रयी काव्यों में अन्यतम माना जाता है। इसकी कथावस्तु महाभारतीय वनपर्व से ली गयी है। यह काव्य प्रथम में 'श्री' शब्द से विभूषित है। इसके प्रत्येक सर्गान्त में 'लक्ष्मी' शब्द का संनिवेश है। इस काव्य में इन्द्रकीलपर्वत पर दिव्य अस्त्रलाभ के लिये तपस्या करनेवाले पाण्डुपुत्र 'अर्जुन' और किराताधिपति भगवान् 'शंकर' का परस्पर युद्ध वर्णित है। कविने इसी युद्धको महत्त्व देकर काव्य को सुन्दर और विस्तृत बनाया है। किराताधिपति और अर्जुन के युद्ध की ही मुख्यता होने के कारण इस काव्य का नाम भी 'किरातार्जुनीय' पड़ा है। इस काव्य में राजनीति का प्रदर्शन करते हुए कवि ने साम, दाम, दण्ड और भेद का बहुत गम्भीरता से वर्णन किया है। भारतवर्ष की प्राचीन स्त्रियों का कितना गम्भीर विचार था यह द्रौपदी की

---

१. "अस्त्यानन्दपुरं नाम प्रदेशे पश्चिमोत्तरे।
आर्यदेशशिरोरत्नं यत्रासन् बहवो नृपाः॥
ततोऽभिनिःसृता काचित् कौशिकब्रह्मसन्ततिः।
सुरलोकादिवायान्ती पुण्यतीर्था सरस्वती॥"
"नासिक्यभूमावौत्सुक्यान्मूलदेवनिवेशिताम्।
प्राप्याचलपुरं............रीमधिवसत्यसौ॥
तस्यां नारायणस्वामिनाम्ना नारायणोदरात्।
दामोदर इति श्रीमानादिदेव इवाभवत्॥
स मेधावी कविर्विद्वान् भारविः प्रभवो गिराम्।
अनुरुध्याकरोन्मैत्रीं नरेन्द्रे विष्णुवर्धने॥"
(अ० सु० क० सा० पृ० १–२२)

उक्ति से स्पष्ट मालूम होता है। भारवि ने पात्र के अनुसार ही शब्दों का निवेश किया है यह भीमोक्ति से विदित होता है। विवेचना के विषय में किसी कार्य को करने से पहिले उसकी पूरी विवेचना करके ही उसको करने में प्रवृत्त होना चाहिये ऐसा युधिष्ठिर की उक्ति द्वारा कहा है :—

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव सम्पदः॥ (स० २, श्लो०३०)

इस काव्य में प्राकृतिक दृश्यों का वर्णन अत्यन्त मनोहर है। प्राकृतिक दृश्यों में कवि का हृदय सदा निमग्न था, यह सायंकालिक मनोहर वर्णन से प्रतीत होता है :—

मध्यमोपलनिभे लसदंशावेकतश्च्युतिमुपेयुषि भानौ।
द्यौरुवाह परिवृत्तिविलोलां हारयष्टिमिव वासरलक्ष्मीम्॥ (स० ९ श्लो० २)

इस श्लोक में 'परवृत्तिविलोला' अत्यन्त मनोहर हैं। तात्पर्य यह है कि जिस तरह जप करते समय माला हिलती रहती है उसी तरह चपला लक्ष्मी चंचल हो रही है।

कवि ने स्थान-स्थान पर पर्वत, जलाशय, कुञ्ज, वापी आदि का बहुत ही रम्य वर्णन किया है। चित्रकाव्य, यमक, अनुप्रास, एकाक्षर[1] श्लोक पञ्चदश सर्ग में अधिक सुन्दर है। यह सर्ग अपेक्षाकृत कठिन भी है।

उपसंहार

इस काव्य में धीरोदात्त नायक है। इसमें अर्जुन नायक हैं और किराताधिपति शंकर प्रति नायक हैं। यह वीररस प्रधान काव्य है। इसमें दूतमुख कथन और किरातपति शंकर का वचन उद्दीपन विभाव, नायक और प्रतिनायक का धनुरादि आकर्षण आदि अनुभाव, धैर्य, क्षमादि व्यभिचारी भाव, उत्साह स्थायी भाव, शृङ्गारादि रस अङ्ग, पाञ्चाली रीति, प्रसाद गुण हैं। दिव्य पाशुपतास्त्रप्राप्ति इस महाकाव्य का फल है।

---

१. न नोननुन्नो नुन्नोनो नाना नानानना ननु।
नुन्नोऽनुन्नो ननुन्नेनो नानेनानुन्न नुन्न नुत्॥

संक्षिप्त कथासार

प्रथम सर्ग

युधिष्ठिर के प्रति वनेचर की उक्ति

जब कि महाराज युधिष्ठिर जूये में हार जाने से भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव तथा द्रौपदी के साथ द्वैतवन नामक जङ्गल में निवास करते थे, उस समय उन्होंने दुर्योधन का समाचार जानने के लिये एक वनवासी (किरात-वनेचर) को ब्रह्मचारी के वेष में भेजा था, वह सब हाल जानकर महाराज युधिष्ठिर के पास आया और कहने लगा–हे महाराज, दुर्योधन इस समय राज्य का नीति पूर्वक शासन कर रहा है, 'मैं राजा हूँ, मेरा यही धर्म है' ऐसा समझता हुआ शत्रु या पुत्र जो हो उसे धर्मशास्त्रानुसार दण्ड देता है। उसके यहाँ बड़े-बड़े राजा लोग आकर दरबार में कर देते हैं तथा जो आदेश करता है उसे सब पूरा करते हैं, उसके राज्य में सर्वत्र कृषि उत्तम रूप से होती है, और प्रजा प्रसन्नता से समय-समय पर कर देती है। वह दुःशासन को युवराज बनाकर स्वयं यज्ञादि करता रहता है, इसलिये अब आप उसे जीतने के लिये कोई प्रबल उपाय करें। इसके बाद युधिष्ठिर महाराज ने उसे पारितोषिक देकर विदा कर के उक्त समाचार भीमादि के सामने द्रौपदी से जाकर कहा, उसे सुनकर द्रौपदी ने कहा—

युधिष्ठिर के प्रति द्रौपदी की उक्ति

हे नाथ! यद्यपि स्त्री का उपदेश पुरुषों के लिये अनादर सा होता है तथापि क्या करूँ मेरी आन्तरिक व्यथा मुझे कहने के लिये बाध्य कर रही है अतः आप क्षमा करियेगा। हे महाराज! भला बताइये तो-आपके सिवाय कौन ऐसा राजा होगा—जो अपनी स्त्री के समान राजलक्ष्मी को दूसरे के अधीन कर देगा। हा! देखिये ये वही भीम हैं जो पहले सुन्दर पलङ्ग पर सोते थे आज जमीन पर सोते हैं, और जिन्होंने उत्तर कुरु देश को जीत-कर बहुत सा स्वर्ण लाकर खजाने में रखा था वे ही अर्जुन आज बल्कल पहने हुए हैं और ये दोनों सुकुमार सुन्दर नकुल तथा सहदेव कठिन भूमि में सोते हैं। इन सबों को इन हालतों में देखकर भी आप धैर्य और सन्तोष को नहीं छोड़ते हैं यह बड़े आश्चर्य की बात है, आपकी दुर्दशा देखकर मुझे तो अत्यन्त दुःख हो रहा है।

हे महाराज! आप अब शान्ति को छोड़कर शत्रुओं को नष्ट करने के लिये अपना पुराना तेज धारण करिये, क्योंकि शान्ति से मुनियों का कार्य होता है न कि राजाओं का, यदि आप शान्ति ही को सुख का साधन समझते हैं तो राज-चिह्न धनुषादि को त्यागकर जटा बढ़ाकर केवल मुनियों की भाँति अग्निहोत्र किया करें। हे महाराज! सब प्रकार से समर्थ होते हुए भी शत्रु-विजय के लिये आपको समय की प्रतीक्षा करते रहना उचित नहीं है, क्योंकि विजय चाहने वाले राजा लोग समय पड़ने पर किसी न किसी व्याज से सन्धि को भी तोड़ देते हैं।

द्वितीय सर्ग

युधिष्ठिर के प्रति भीम की उक्ति

(अपने मनोनुकूल द्रौपदी की बातें सुनकर भीम युधिष्ठिर से बोले)—

हे महाराज ! द्रौपदी ने इस समय जो कहा वह उचित है। उसकी बात बृहस्पति को भी आचर्य में डाल देने वाली है। इसे स्त्री की कही हुई समझकर आपको उपेक्षा करना उचित नहीं है, क्योंकि गुणग्राही पुरुष, स्त्री या पुरुष का विचार नहीं करते। बड़े खेद की बात है कि आप देवताओं को भी आश्चर्य में डालनेवाले पुरुषार्थ को पाकर भी दुश्मनों द्वारा दुर्दशा भोग रहे हैं, शत्रु को बढ़ते हुए देखकर भी उसकी उपेक्षा करना अत्यन्त अनुचित है। यद्यपि आप इस समय क्षीण हैं तथापि जब उन्नति के लिये चेष्टा करेंगे तो प्रजा आपके उत्साह को देखकर आपको नमन करेगी, यदि अवधि की प्रतीक्षा करते रहियेगा तो निश्चय समझिये कि दुर्योधन इतने दिन तक राज्यसुख भोगकर आपको अवधि बीतने पर राज्य दे देगा यह असम्भव है। अतः आलस्य छोड़कर पुरुषार्थ करिये, आपके उठते ही शत्रुओं पर विपत्तियाँ आ पड़ेंगी। आपके दिग्विजयी चारों भाइयों के तेज को भला शत्रुओं के मध्य में कौन है जो सह सकेगा। इस भाँति अत्यन्त क्रुद्ध भीमसेन की बातें सुनकर मतवाले हाथी की भाँति उन्हें धीरे-धीरे शान्त करने के लिये महाराज युधिष्ठिर चेष्टा करते हुए बोले—

भीम के प्रति युधिष्ठिर की उक्ति

हे भीम ! तुमने जो कुछ कहा है, वह सब समयोचित शास्त्र-सङ्गत है तथापि मेरा मन विचार-पूर्वक कार्य करने को कहता है। असमय में क्रोध करना अत्यन्त अनुचित है, शान्ति से बढ़कर उत्तम साधन कोई नहीं है, इसके रखने से शत्रु स्वयं नष्ट हो जाते हैं। और यदि इस समय नियम तोड़कर चढ़ाई न की जाय तो जितने राजा हैं वे सब अवधि के बाद हमारी सहायता करेंगे। और यह समझना कि अधिक समय हो जानेपर राजा लोग दुर्योधन के पक्ष में हो जायँगे तो यह भूल है। अहङ्कारी मनुष्य की सेवा में जो लोग रहते हैं वे लोग जब समय पड़ता है तब उसे छोड़ देते हैं, क्योंकि उसके दुर्व्यवहार से मन में सभी अप्रसन्न रहते हैं। अतः जब तक अवधि है तब तक शान्ति के साथ समय बिताना उचित है। इस प्रकार से जब महाराज युधिष्ठिर भीम को समझा रहे थे ठीक उसी समय दवात् व्यास जी पहुँच गये, उन्हें देखते ही सभी ने उठकर स्वागत किया तथा आदर के साथ लाकर उच्च आसन पर बैठाया, पश्चात् अपने भी आज्ञा पाकर हाथ जोड़कर संमुख बैठ गये।

तृतीय सर्ग

युधिष्ठिर और अर्जुन के प्रति व्यास की उक्ति

हे राजन् ! संग्राम में उसी की जय होती है जिस के पास सेना तथा अस्त्रादि का विशेष बल है, यह बात परशुराम के साथ युद्ध करने में भीष्म ने उन्हें पराजित करके लोगों को दिखला दी है। और यमराज से भी नहीं डरनेवाले भीष्म तथा कर्ण एवम् प्रल-

यकालाग्नि के समान युद्ध में भयंकर द्रोणाचार्य आदि योद्धागण सब दुर्योधन के पक्ष में हैं अतः उन सबों को जिनसे जीत सकें उन दिव्य अस्त्रों को पाने के लिये मैं अर्जुन को एक मन्त्र बतलाता हूँ जिसके द्वारा वे कठिन तपस्या कर इन्द्र भगवान् को प्रसन्न कर दिव्य अस्त्र तथा पराक्रम प्राप्तकर युद्ध में विजयी हों, बस यही मेरे आने का उद्देश्य है, ऐसा कह व्यासजी पुनः अर्जुन से कहने लगे—हे अर्जुन ! तुम अब मेरे कथनानुसार साथ में अस्त्रों को भी लिये हुए मुनियों की भाँति जाकर तपस्या करो, और जहाँ पर तपस्या करनी है वहाँ पर यक्ष तुम्हें शीघ्र ही पहुँचा देगा ऐसा कहकर जैसे ही व्यास जी अन्तर्धान हुए वैसे ही अर्जुन के पास यक्ष उपस्थित हो गया तब उन्हें जाने के लिये उद्यत देख द्रौपदी अर्जुन से कहने लगी।

अर्जुन के प्रति द्रौपदी की उक्ति

जबतक तपस्या पूरी न हो तबतक आप हमलोगों के बिना व्यग्र न होना क्योंकि बिना दृढ़ आग्रह के कोई कार्य सिद्ध नहीं होता और उन्हें तपस्या के लिये उत्तेजित करने के लिये पुनः कहने लगी कि–संसार में तेजस्वी पुरुषों की मान–हानि प्राण–हानि के तुल्य ही होती हैं, शत्रु से पराजित होने पर उनका अपमान होता है और शत्रुओं ने जो-जो दुर्व्यवहार किये हैं और जिन्हें कि–मैं स्मरण भी नहीं करना चाहती, आज मुझे वे ही सब तुम्हारे बिना यद्यपि और भी कष्ट पहुँचायेंगे तथापि उन सबों को इस आशा से सहूँगी कि आप शीघ्र ही शत्रुओं को जीतने योग्य सामर्थ्य प्राप्त कर पुनः मिलेंगे। अतः अब आप तपस्या के लिये जायँ और आपके समस्त विघ्नों को इन्द्र भगवान् दूर करें हे नाथ ! आप व्यास जी का आदेश पालन करते हुए हमलोगों के मनोरथ को सफल करें। और अब आपको कृतकार्य देखकर पुनः आनन्द से आलिङ्गन करना चाहती हूँ। तब इन सब बातों को सुनकर अर्जुन को दुर्योधनादिकों के ऊपर अत्यन्त क्रोध हुआ, और वह कवच पहन कर तलवार, धनुष और तरकश लेकर यक्ष के बताये हुये रास्ते से इन्द्रकील पर्वत पर तपस्या करने के लिये चल पड़े, और सब लोगों को उनके जाने पर अत्यन्त दुःख मालूम पड़ने लगा पर समझाकर किसी भाँति अपने-अपने चित्त को शान्त किया और उस समय मङ्गलसूचक दिव्य दुन्दुभी शब्द तथा आकाश में पुष्पवर्षा होने लगी जिसे देखकर सब अत्यन्त प्रसन्न हुये।

चतुर्थ सर्ग

शरदृतु वर्णन

इन्द्रकील पर्वत की ओर यक्ष के साथ जाते हुए अर्जुन ने शरद् की शोभा को निम्नलिखित रूप में देखा—

वर्षाऋतु के बीत जाने से मार्ग पर कहीं पङ्क (कीचड़) नहीं दिखाई देता था। सद्यः जलविमुक्त नदी-तट धवल बालुकामय शरीर को धारण किये हुये था। जलाशयों में

अधिक कमल खिलने के कारण दर्शकों को स्थलकमल की भ्रान्ति उत्पन्न होती थी। चारों ओर खेतों में अनेक प्रकार के धान की बालें झूल-झूल कर पथिकों के मन को आकर्षित कर रही थीं।

इस तरह अर्जुन को शरद् शोभा की छटाओं को देखने में आसक्त जानकर यक्ष शरद् सम्बन्धी वार्ता करने लगा—

यक्षकृत शरद् गुण वर्णन

हे अर्जुन ! यह समय बहुत सुन्दर प्रतीत हो रहा है। भूमि धान्यरूप फलों से भरी हुई है। सरोवर और नदियों का जल स्वच्छ हो गया है। आकाश मण्डल सजल मेघ रहित होने से निर्मल हो गया हैं। आकाश के अन्तराल में पक्षिगण मधुर शब्द करते हुए विचरण कर रहे हैं। सुगन्ध को लेकर पवन मन्द-मन्द वह रहा है। दिशाएँ प्रसन्न दीख रही हैं। खेत का जल हरित लता, सफेद कमल, और पके हुए साठी धान की पीत कान्ति से इन्द्रधनुष की शोभा को धारण कर रहा है। गोपालों की ललनाएँ अपने सुमधुर गीत से मयूर की केकावाणी को भी तिरस्कृत कर रही हैं। उनके गानों में आसक्त होकर हरिणियाँ तृण चरने को भी भूल गयी हैं।

इस प्रकार यक्ष द्वारा वर्णित शरद् कान्ति का अवलोकन करते हुए अर्जुन को वनराजि से श्याम रूप गिरिराज हिमालय का दर्शन हुआ।

पञ्चम सर्ग

'कविकृत' हिमालय वर्णन

इन्द्रकील पर्वत की ओर यक्ष के साथ जाते हुए अर्जुन ने हिमालय की शोभा को निम्नलिखित रूप में देखा—

हिमालय समस्त लोक के मनुष्य को आश्रय देने वाला है। इसके गर्भ में अनेक धातु और मणि गुम्फित हैं। अत एव यह रत्नाकर की छवि को धारण किये हुये है। इसका शिखर प्रदेश हिमाच्छन्न और मध्य-प्रदेश बहुत विशाल है। इसी मध्य-प्रदेश पर मेघमण्डल विचरण करते हैं। इसके तट-प्रदेश पर उच्च शिखरों से जाह्नवी आदि सुरसरितायें गिर रही हैं। जलपात से तटभूमि क्लिन्न है अतएव लता और वृक्ष अपनी रम्य कान्ति को धारण किये हुए विविध वन और उपवन में मनोहर मालूम पड़ रहे हैं।

यक्षकृत हिमालय वर्णन

हिमालय का उच्च शिखर आकाश-मण्डल को छूने जा रहा है। इसके पार्श्व प्रदेश में मानसरोवर और कैलास आदि पवित्र स्थान हैं तथा मध्य प्रदेश में गहन वन हैं जिसमें बड़े-बड़े वृक्ष और हिंसक प्राणी निर्भयतापूर्वक विचर रहे हैं। चारो ओर महौषधियाँ चमक

कर बिजली की शोभा दे रही हैं। सरोवर और लताकुञ्ज अत्यन्त सुन्दर हैं, जो नायक-नायिका को मुग्ध कर रहे हैं। इस हिमालय पर दिव्य सुन्दरियाँ विहार के लिये स्वर्ग से आती हैं। यह परम पवित्र स्थान है। इसी स्थान पर भगवती पार्वती ने अपनी विकट तपश्चर्या से भगवान् शंकर को प्राप्त किया था।

इसी हिमालय के पास पार्वतीपति भगवान् शंकर का निवासस्थान कैलास अपनी मणिमय कान्ति से सूर्य की किरणों को तिरस्कृत कर रहा है। तप-साधन में संलग्न तपस्वी जन के तप में विघ्न डालने वाली अप्सराएँ विविध रूप धारण कर भ्रूविक्षेपादि से तपस्वियों के धैर्य को च्युत करने की कोशिक कर रही हैं। परन्तु योगिजन अपनी इन्द्रियों का संयम करते हुए अपने लक्ष्य रूप ब्रह्म–सायुज्य को प्राप्त कर सांसारिक बाधाओं से मुक्त हो जाते हैं। तट प्रदेश पर समृद्धिशाली और सुखी कृषक लोग अपनी मर्यादा का पालन करते हुए आनन्दपूर्वक निवास करते हैं।

यक्षकृत इन्द्रकील (पर्वत) वर्णन

इन्द्रकील की गुफाएँ अत्यन्त सुन्दर हैं। यह पर्वत इन्द्र का अत्यन्त प्रिय है। स्वर्णमयी तटभूमि की कान्ति पवन प्रेरित लताओं के मध्य भाग पर जाकर विद्युल्लता का अनुकरण कर रही है। यहाँ का चन्दन वृक्ष मत्त गज के कपोल की रगड़ से सर्प रहित हो गया है। मरकत मणि की तीक्ष्ण प्रभा से इस पर्वत पर सूर्य की किरणें भी हतप्रभ हो गयी हैं।

अर्जुन के प्रति यक्ष का उपदेश

हे अर्जुन ! शस्त्र धारण कर इसी इन्द्रकील पर्वत पर आप तपस्या करें। तपस्या में बहुत सी विघ्न-बाधायें उपस्थित होंगी उसके बाद आपका कल्याण होगा। इसलिए आप इन्द्रिय चापल्य को छोड़ें और भगवान् शंकर की तपस्या कर वर प्राप्त करें। लोकपाल और इन्द्र आपकी तपस्या की वृद्धि करेंगे। इस प्रकार अर्जुन को आशीर्वाद देकर यक्ष अपने स्थान पर चला गया और अर्जुन अपनी कार्य-सिद्धि के लिये इन्द्रकील पर निवास करने लगे।

अर्जुन गङ्गा के समीप इन्द्रकील पर्वत के सुन्दर-प्रदेश में पहुँचे। उस स्थान पर वृक्ष अपने आश्रित भ्रमर और पक्षियों के द्वारा मानो अर्जुन की जयध्वनि और पवन के द्वारा पुष्प-वृष्टि कर रहे थे। पवन पङ्कज-पराग और भागीरथी के शैत्य को लेकर सुखस्पर्श करा रहा था। अर्जुन ने प्रवाह के वेग से भंग देवदारु एवं अत्यन्त पतली-पतली बेत की लता और तरङ्ग के ऊपर तैरने वाले कलहंसों तथा मत्त भ्रमर से युक्त तटप्रदेश को देखा।

षष्ठ सर्ग

इन्द्रकील पर्वत पर अर्जुन के तपोनुष्ठान तथा विघ्न डालने के लिए इन्द्रप्रेषित अप्सराओं के गमन का वर्णन

अत्यन्त सौम्य मूर्त्ति अर्जुन, इन्द्रकील पर्वत पर पहुँचकर गिरिसरिताओं के जलकणों से अत्यन्त शीतल मन्द सुगन्ध पवन के स्पर्श से आनन्द को प्राप्तकर झरना आदि प्राकृतिक पर्वतीय दृश्यों की अनुपम रमणीय सुषमाओं से अलंकृत अत्यन्त निर्जन उस पर्वत के शान्त वातावरण को देखकर तपश्चरण के लिये उद्यत हुए। तदनन्तर सांसारिक विषयों से चित्तवृत्तियों को रोककर सारी इन्द्रियों को अपने वश में करके अत्यन्त कठिन तपस्या करते हुए अर्जुन को थोड़ा भी अनुष्ठान जनित खेद का अनुभव नहीं हुआ, क्रमशः काम-क्रोधादि आन्तरिक शत्रुओं से विवेक द्वारा चित्त को हटाकर अन्तरात्मा में परम शांतिजन्य आनन्द का अनुभव करते हुए जप ध्यान-वन्दनादि से इन्द्र को प्रसन्नकर स्वभावतः आगन्तुक वीर-शान्त रसों से समुद्भासित तेज को उन्होंने प्राप्त किया। बाद में तपोऽनुष्ठान-जनित उस विलक्षण तेज से जटाधारी अर्जुन अत्यन्त देदीप्यमान होकर चमकने लगे। आयुध धारण कर तपस्या करते हुए अर्जुन के तप के प्रभाव से हिंसक सर्प सिंह व्याघ्र आदि जन्तुओं ने हिंसाभाव को भी छोड़ दिया। पवन अत्यन्त सुखद होकर मन्द-मन्द बहने लगे। धूप निरतिशय सुखस्पर्श अनुभूत होने लगी। पौधे नूतन पल्लवों से लद गये। आकाश मण्डल अत्यन्त निर्मल हो गया। पृथिवीतल धूलि कणों से रहित होकर शान्त दिखाई पड़ने लगा। नैमित्तिक पुष्प अभीष्टफलप्रद मालूम पड़ने लगे। अर्जुन के उस तपोवैभव को देखकर वनेचरों ने अपने यथेच्छ आहार-विहार में क्लेश का अनुभव करते हुए इन्द्र के पास जाकर अर्जुन के तपोऽनुष्ठान की सारी बातें कहीं। बाद में इन्द्र ने उन वनेचरों के मुख से अर्जुन के तपोऽनुष्ठान का वृत्तान्त सुनकर हर्ष वेग को रोकते हुए उनकी तपस्या के परीक्षणार्थ अप्सराओं को बुलाकर कहा—हे सुराङ्गनाओं! आप लोग ही सर्वविजयी कामदेव के परम अमोघ अस्त्र हैं। आपके कटाक्षपातों से ही अत्यन्त जितेन्द्रिय महातपस्वियों के भी मन विचलित हो जाते हैं। आप सबके प्रसादसे ही स्वर्गलोक, संसार में सब लोकों से श्रेष्ठ माना जाता है। इस तरह उनकी अनेकों प्रशंसायें करके गन्धर्वों के साथ मिलकर अर्जुन के तप में विघ्न डालने के लिये इन्द्र ने उन अप्सराओं को सभी के शाप आदि विषयक संदेह-भय को दूर करते हुए विश्वास द्वारा निर्भीक बनाकर प्रेषित किया। बाद में वे अप्सरायें अनेक आभूषणों से भूषित होकर स्तनभारों से झुकी हुई, एवं अत्यन्त मादक भ्रूविक्षेप-कटाक्षपात आदि चेष्टाओं से सबको मोहित करती हुई इन्द्र को प्रणाम कर अर्जुन के प्रति चल पड़ीं।

सप्तम सर्ग

गन्धर्वों के साथ अप्सराओं के विलासपूर्वक इन्द्रकील के प्रति प्रस्थान का वर्णन

महेन्द्र के भवन से अर्जुन के समीप प्रस्थान करती हुई उन अप्सराओं के रक्षणार्थ इंद्र ने रथ-हाथी घोड़ों के साथ अपने भृत्यों को भेजा। रास्ते में जाती हुई उन गन्धर्वाङ्गनाओं के कपोलों पर धूप के ताप से लालिमा छा गयी, पसीने टपकने लगे। गमनजनित थकावट से नयन कमल मुरझाने लगे। अत्यन्त सुकुमारतम उन के शरीरों में आतप ताप की सहनशीलता देखकर गन्धर्वगण चकित हो गये। क्रमशः वे सब मन्दाकिनी के पास पहुँचे। वहाँ पहुँचते ही उस नदी की तरङ्गों के सम्पर्क से अत्यन्त शीतल एवं विकसितकमलों के किञ्जल्कसौरभों से सुगन्धित होकर बहते हुए पवन से उनके मार्ग-गमन-जनित सारे परिश्रम दूर हो गये। विमान द्वारा अन्तरिक्ष में जाते हुए उन के ऊपर पानी वर्षा कर परिश्रम-जनित खेदों को दूर करने के कारण उन अप्सराओं ने बादल को अत्यन्त आदर की दृष्टि से देखा। वायु द्वारा उन के जघनों से अधोवसन के हट जाने पर भी मणिमय मेखलाओं की किरणों ने ही जघनों को अपने प्रकाश से आच्छादित कर अधोवसन का काम किया। उनके विमानों की गति से बादल में इन्द्रचाप-जनित शोभा के नष्ट हो जाने पर भी उन सुर ललनाओं के भूषणों में जड़े हुए मरकत-पद्मराग आदि विविध मणियों की रङ्गविरङ्गी अनेक प्रभाओं से फिर इन्द्रधनुष की शोभा उत्पन्न हो गयी। बाद में अर्जुन के तप में विघ्न डालने की सफलता प्राप्त्यर्थ आपस में अनेकों बातचीत करते हुए वे सब इन्द्रसैनिक, इन्द्रकील पहाड़ पर पहुँचे। वहाँ पहुँचकर वह सारी सेनासंहति कमलों एवं फेनों के तुल्य मुख और श्वेत छत्रों से आकाश गंगा की भाँति अत्यन्त सुशोभित होने लगी। रथों में जोड़े हुए घोड़े, लगामों को पीछे कसने से अपने शरीर के पूर्व हिस्सा को झुकाकर बादल की श्रेणी रूप सड़क से उतरते हुए विमानों को क्षितितल पर ले आये। उस पर्वत की ओर गगन से उतरते हुए हाथी सब, बादलों के मध्य में रहने के कारण समुद्रमध्य विराजमान मैनाक आदि पर्वत जैसे मालूम पड़ते थे। उस पर्वत की चोटी पर बैठे हुए मोरगण झरनों के शब्दों से मिश्रित रथों की घर्घर आवाज को सुनकर मेघगर्जन की भ्रान्ति से गले को ऊपर उठाकर ताकते हुए अत्यन्त उत्कण्ठित हो गये। इस तरह सब जीव-जन्तुओं में अत्यन्त कुतूहल पैदा करती हुई इन्द्रवाहिनी इन्द्रकील पर आ पहुँची। बाद में गन्धर्व-गण उस पर्वत पर शिविरों को बनाकर गङ्गा के समीप हरी २ घासों से भरी हुई भूमि पर रहन-सहन का क्रम स्थिर कर पर्वत की भी अत्यन्त शोभा बढ़ाकर रहने लगी। तदनन्तर उन सुराङ्गनाओं के भोग-विलास के काम में आने से अत्यन्त सुगन्धित पुष्पों से सुशोभित पौधे तथा नवीन पल्लवों से सुसज्जित लतायें सफलता को प्राप्त हुईं। उन लोगों के सहवास से नगर की तरह उस पर्वत की शोभा मालूम पड़ने लगी।

अष्टम सर्ग

गन्धर्वों और अप्सराओं के क्रीड़ादि का वर्णन

गन्धर्व गणों से युक्त होकर देवाङ्गनायें वन में विहार करने की इच्छा से अनेक विध सुख-साधनों से सम्पन्न तथा अत्यन्त सुन्दर नगर को भी छोड़कर सघन वन में प्रवेश करती हुई अपनी कान्तिच्छटा से वन-लताओं को प्रकाशित करती हुई बिजली की तरह चमकने लगीं। बाद में अनेक फूलों से सुशोभित लताकुञ्जों में विहरण करती हुई बाहुलता रूप वनलताओं से लिपटे हुए एवं पुष्परस का पान करने वाले भ्रमरों से युक्त चञ्चल किशलयोंवाली अशोक यष्टि को देखती हुई परम आनन्द का अनुभव करने लगीं। उनमें किसी एक मानिनी नायिका को सरस नायक ने कहा—हे मानिनि! नवीनपल्लववत् अत्यंत कोमल हाथों को मत कँपाओ क्योंकि कल्पलता के भ्रम से आये हुए भौंरे डर रहे हैं। प्रणय-कलह में बनावटी गुस्सा कर प्रिय से रूठी हुई किसी नवोढ़ा को मनाती हुई सखी कह रही थी—हे सखी! कोप को त्यागकर तुम अपने प्रिय वल्लभ के पास जाओ, वरना पीछे पछताओगी, इस तरह लीला के साथ विहार करती हुई वे अप्सरायें सारस पक्षियों के मधुर कलरव से झंकृत होती हुई पर्वतीय वननदियों की अनुपम शोभा, एवं मोती की तरह झरनों के जलबिन्दुओं, तथा भ्रमरों से व्याप्त पुष्पों से सुशोभित वनलताओं और चन्दन वृक्षों को देखकर अत्यन्त प्रसन्न हुई। कभी तो कहीं पर हाथ से ही तोड़ने के लायक रमणीय पुष्पगुच्छों को छोड़कर प्रेम से प्रिय द्वारा दिये गये पुष्पगुच्छों को ही लेना किसी ने पसंद किया। कहीं तो कोई कामिनी पुष्प देने की इच्छा से प्रिय द्वारा सौत के नाम से बुलाई जाने पर अत्यंत खिन्न होकर, कुछ न उत्तर देकर केवल आँसू बहाती हुई भूमि को नख से लिखने लगी। कोई प्रौढा नायिका तो पति के साथ बात करते समय तल्लीन होने से अकस्मात् नीवीबन्धन के खुल जाने पर भी उसको एवं शरीर पर से गिरे हुए कपड़े को भी नहीं सम्हाल सकीं। किसी चतुर प्रगल्भा नायिका ने तो प्रिय द्वारा दी गयी पुष्पमाला को शिर में अर्पण करने के बहाने से प्रिय को ही स्तन से थोड़ासा रङ्गरभस में ताड़न किया। किसी कामिनी ने तो वस्त्ररहित नितम्ब एवं कुछ खुले हुए दोनों स्तनों तथा रोमपंक्ति युक्त उदर को दर्शाकर अत्यन्त मनोहर काले-काले केशपाशों से वल्लभ को मोहित किया, किसी प्रौढ़ा युवती ने तो अपनी आँख में पड़ी हुई धूलि को मुख पवन से निकालते रहने पर भी नहीं सफल होते हुए अपने प्राणवल्लभ को कुचों से ताड़ित किया। उस समय पर्वतीय मार्ग से किसी तरह निकली हुई उन सुराङ्गनाओं के ऊरू-जघन स्तनादि के भारों से मन्द गति एवं चन्द्रहारमणि से शोभित नितम्बों तथा स्तन एवं त्रिवलिशोभित उदरों और पसीने की बून्द से अत्यन्त ललित कमल सदृश मुखों को कुतूहल के साथ देखते हुए गन्धर्वगण परम आनन्दित हुए। बाद में वे अप्सरायें गन्धर्वों के साथ जल-केलि-क्रीड़ा करने लगीं। स्नान के समय

तरङ्गों से आहत होकर उनके केशपाश बिखर गये। मालायें विलुलित हो गईं। स्तनादि में लिप्त कुङ्कुमादि के राग धुल गये। कमलिनी में लीन किसी नायिका की आँखों में भ्रमर युक्त कमलों का और केशपाशों में भ्रमरों का भ्रम होने लगा। जल में विहार करती हुई उन युवतियों के अञ्जन धुल गये, आँखें लाल-लाल हो गयीं। अधर पल्लव भी आलता के राग से रहित हो गये। उन स्त्री जनों के हाथ से ताड़ित होकर मृदङ्ग सदृश गम्भीर शब्द करते हुए पानी का, नायिकाओं के बड़े-बड़े स्तनों के संपर्क जन्य आघात से तालुलय युक्त होकर नृत्यसा होने लगा। ऊरु-स्थल के कपड़े में छोटी छोटी मछलियों के घुसकर फरफराने से त्रास के मारे आँखें चञ्चल होने लगीं और बाहुलतायें काँपने लगीं। मीन के अभिभव जन्य घबराहट के बहाने कोई नायिका प्रिय से ही लिपट गई, कोई मानिनी हँसी मखौल में प्रिय द्वारा जल से ताड़ित होकर रूठी हुई सी होने पर भी नायक से मनायी जाने पर खुश हो गई। कोई कामुकी तो मदन से विह्वल होकर दिल्लगी से प्रिय के ऊपर पानी छिड़कने के लिये उद्यत होती हुई हाथ को प्रिय द्वारा पकड़ लेने पर नीवीबन्धन के खुल जाने पर भी करधनी से कपड़े को बाँधकर सम्हल गई, इस तरह वे गन्धर्वाङ्गनायें चकवा चकवी को विछुड़ाकर और कमल वन की शोभा को नष्ट कर तारा-गणों से चमत्कृत रात की तरह सुशोभित हुईं। और गङ्गा का जल भी उनके अङ्गों में लिप्त चन्दन रस के सम्पर्क से त्रुटित भूषण मणि की प्रभा से देदीप्यमान होते हुए तरङ्गों से युक्त होकर लोगों का अत्यन्त नयनानन्दजनक हुआ।

नवम सर्ग

सायंकाल आदि का वर्णन

अब सबसे पहले महाकवि भारवि उत्प्रेक्षा द्वारा सूर्यास्त का वर्णन करते हैं—जल-केलि क्रीड़ा से निवृत्त उन सुराङ्गनाओं के मन को रमण करने की इच्छा से कलुषित सा समझ कर सूर्य भगवान् अस्त होने के लिये उद्यत हुए। उस समय सूर्य अपनी किरणों को ढीला कर पश्चिम दिशा का आश्रयण करके कमल-मधु के पान से लाल वर्ण सा अङ्गवाला होकर शोभने लगा। चक्रवाक पक्षी के हृदय में विरहसंताप प्रकट होने लगा। पश्चिम दिशा में अपने आश्रयभूत सूर्य के व्यसन से दुखी सा होकर किरणों का समूह मलिन सा हो गया। चिड़ियाँ पेड़ों पर जाकर शोरगुल मचाने लगीं। शाम का समय निकट आ गया सन्ध्याकालीन लालिमा से पश्चिम दिशा लाल सी हो गई। क्रमशः एकाएक संध्याकाल भी बीत चला। अन्धकारों में वन उपवन नदी पर्वत और सब दिशायें व्याप्त हो गईं। मिलन की इच्छा रहने से चक्रवाकदम्पति का विरह जन्य सन्ताप बहुत बढ़ा सा दीखने लगा। चक्रवाक के विरह-दर्शन से व्यथित सा होकर कमलिनी का मुख भी मलिन सा हो गया। दूसरी ओर केतकी पुष्प के किञ्जल्क की तरह स्वच्छ चन्द्र-चन्द्रिकायें दिगन्तों को व्याप्त

कर भासने लगीं। पूर्वदिशा चन्द्रोदय से अन्धकार रहित होकर धवलित हो गई। हिमवत् शुभ्र चन्द्रकिरणसमूह नील आकाश में समुद्रजल मध्य प्रविष्ट स्वच्छ गङ्गाजल की तरह फैल कर शोभने लगा। उदयकालिक लालिमा से रक्त सा दीखता हुआ चन्द्रमा पूर्वदिशा रूप पयोधि से सुवर्ण घट की तरह निकला हुआ सा दिखाई देने लगा, चन्द्रोदय से भासती हुई रात्रि, अन्धकार रहित होकर घूँघट रहित लज्जावती नववधू की तरह दीखने लगी, यद्यपि चन्द्रमा ने अपनी चाँदनी से आकाश को अत्यन्त प्रकाशित नहीं किया था, दिगन्तों में अपनी ज्योति नहीं फैलायी थी फिर भी रात्रि हिमकिरण चन्द्रमा से अवश्य सुशोभित हुई। चक्रवाक युगल सूर्य किरण से विधुरित होने से शीतल शशि किरण को देखने में भी समर्थ नहीं हुआ। शीतल मन्द सुगन्ध पवन वह रहे थे, कामदेव ने भी चन्द्रकिरणों को सहाय मानकर विश्वविजयी चाप का सन्धान किया। उस अत्यन्त सुन्दर सुहावने समय के होने से सुरवनितायें कामवासनाओं से अत्यन्त पीडित होकर सुरत तथा भोगविलास के उस उत्तम समय को समझकर केलिमन्दिर के सजे होने पर भी दुवारा सुसज्जित करने की अभिलाषा करती हुई एवं अलंकृत होने पर भी पुनः शृङ्गार से भूषित होती हुई विरहातुर होकर केवल प्रिय समागम की चाह करने लगीं। वाद में काम से अत्यन्त पीड़ित होकर स्वयं प्रिय भवन में चली जाने लगीं। कोई युवती तो झगड़ कर प्रिय को दूर भगा देने पर भी पुनः बुलाने की भावना से सखी की खुशामद करती हुई प्रिय से एकाएक स्वयं जाकर मिल गई। उस समय में अवसर पाकर कामदेव ने मदपान से विधुरित नायिका का मान खण्डन कर कांत के पास जाने में लज्जा को शिथिल कर दिया। किसी नायिका ने प्रणय-कलह से रूठकर चले जाते हुए नायक को आँसू गिराकर अनुनय द्वारा लौटाया। किसी नायिका का प्रियद्वारा चुम्बन करने पर कामोद्दीपन से लज्जा के साथ-साथ नीवीबन्धन भी खुल गया। किसी का मदपान से मान हट कर प्रणय कलह भी दूर हो गया। कामदेव का मनोरथ पूरा हुआ। नायक-नायिकाओं का परस्पर मधुपान का आदान प्रदान होने लगा। मदपान से मत्त होकर सखी के सामने ही कोई नायिका नायक के शरीर पर रङ्ग-रभस में गिरने लगी। चन्द्रोदय से मदनातुर होकर सब युवतियाँ प्रिय के प्रति प्रणय-कलह को भी छोड़ कर जाने लगीं। अकस्मात् वनिताओं को संभोग करने की अभिलाषा होने लगी। चुम्बन' दन्तक्षत, अधर-पान आदि रति व्यापार होने लगे। इतने में ही रात बीत कर प्रभात होने आया, वैतालिक प्रातःकालिक मंगलगान करने लगे। नींद खुलने पर शयन करने से रतिजन्य थकावट दूर होने पर मंगल-गान द्वारा उद्बोधित होकर उन युवतियों का फिर से संभोग आरम्भ हुआ। प्रभात पवन दयिताओं के रतिजन्य खेद को दूर करते हुए धीरे-धीरे बहने लगा।

दशम सर्ग

अर्जुन को लुभाने के लिये अप्सराओं का आगमन

अर्जुन को लुभाने के वास्ते उत्तम आभूषण एवं रति वर्द्धक इत्र, सुगन्ध तैलादि साधनों से सुशोभित होकर रमणीय हावभाव भ्रूविक्षेपादि करती हुई सुरललनायें अपने शिविरों को छोड़कर पृथुल नितंब, जघन तथा स्तन भारों से मंद मंद गमन करती हुई चल पड़ीं। उनके चलने से पैर के अलते के रङ्गों से रञ्जित होकर पृथिवी शोभायमान हुई। उनके करधनी, नूपुर आदि भूषणों की मधुर ध्वनि से वन-पर्वतों की गुफायें प्रतिध्वनित होकर मुखरित हो उठीं, बाद में गङ्गा जी के तट पर यम-नियम पूर्वक इन्द्रियों को वश में करके तपस्या करते हुए दृढ़व्रत उस अर्जुन को देखा। देखते ही मुनिजन को ठगने के लिये प्रवृत्त उन गन्धर्वाङ्गनाओं का अर्जुन के प्रति काम भाव प्रकट हुआ। उस समय गन्धर्वगण मृदङ्ग-वीणा बजाने लगे, सारी ऋतुएँ एक साथ एकत्रित होकर वहाँ आ गईं। आकाश में बादलों की कालीघटा छा गयी। बिजली चमकने लगी। मालतीपुष्प खिलने लगे। वर्षा से तपोवन गीला हो गया। शीतल-मन्द-सुगन्ध पवन बहने लगे। कोयल की सुरीली ध्वनि होने लगी। मोर नाचने लगे। मलयाचल पवन मन को हरने लगा। कुमुद पुष्प से सुशोभित शरद् ऋतु वर्षाऋतु से सम्मिलित हो गई। भ्रमरगुञ्जन से मिश्रित होकर हंस-रव शोभने लगा। प्रियङ्गु तथा कुन्द पुष्पों को विकसित करता हुआ अकाल में ही हेमन्त आ पहुँचा, एवं लवली लताओं के पुष्पों के खिल जाने पर भी अर्जुन का मन जरा सा भी विकृत नहीं हुआ। गिरि काननों को विकसित करती हुई नवीन पल्लवों से अत्यन्त रमणीय सहकार वृक्षों को समुल्लासित करने वाली वसन्त ऋतु भी आ गई। भ्रमर गण के गुञ्जन से गुञ्जित होता हुआ कमल वन खिलने लगा। किन्तु इतने पर भी मुनि अर्जुन का मन जरा-सा भी विचलित नहीं हुआ। बाद में ग्रीष्म समय मल्लिका पुष्प को विकसित करता हुआ आ पहुँचा। ये ऋतु गण तीनों लोकों को जीतने में समर्थ होते हुए भी अर्जुन को वशीभूत नहीं कर सके। गन्धर्वों का मनोहर वीणारव और स्वाभाविक सुन्दर ऋतु-समय अर्जुन को प्रलोभित करने में असफल होकर सुराङ्गनाओं में ही कामविकार पैदा करने लगे, वे युवतियाँ अपने सौन्दर्य गुणों से अर्जुन को प्रलोभित करती हुई स्वयं मदनातुर हो गईं। लास्य में चतुर होती हुईं भी मुनि को प्राप्त कर कामविह्वलता से नृत्यकला भी भूल गईं। उनकी शृङ्गारचेष्टायें भी विफल हो गईं। किन्हीं के जघनों पर से वायु द्वारा कपड़े हट गये। किसी दूती ने अर्जुन से सखी वचनों का अनुवाद करके कहा कि—'तुम दयित को लाओ, मैं काम से पीड़ित हो रही हूँ, मेरा मन मुनि के पास चला गया है' इत्यादि। कोई तो कटाक्ष विक्षेप करती हुई हावभाव चेष्टा द्वारा लास्य कर रही थी। परन्तु जितेन्द्रिय अर्जुन के प्रति उन अप्सराओं के सारे हावभाव, शृङ्गार, रति-चेष्टा, कटाक्ष-पात हंसगमनादि प्रयास विफल ही होते गये। इस तरह अविलुप्त तपस्या से इन्द्र को आराधित कर रिपु को नाश करने के लिये अस्त्र प्राप्त कर राज्य लक्ष्मी को चाहने वाले अर्जुन के प्रति विफल प्रयास होकर वे गन्धर्व और अप्सरायें अपने-अपने स्थान चली गयीं।

एकादश सर्ग

अर्जुन के तपोऽनुष्ठान को देखने के लिये मुनिवेशधारी इन्द्र का आगमनवर्णन

अप्सराओं के लौटकर चले जानेपर उनके मुख से अर्जुन की जितेन्द्रियता सुनकर प्रसन्नता से इन्द्र, अर्जुन के परीक्षणार्थ तपोवन में आये। अत्यन्त भद्र मुनिवेश में आए हुए इन्द्र को देखकर उनसे अर्जुन अत्यन्त प्रभावित हुए। बाद में अर्जुन द्वारा सत्कृत होकर इन्द्र आसन पर बैठकर अर्जुन को उपदेश देने लगे—हे अर्जुन! वृद्धजनों द्वारा भी सुदुष्कर तपोऽनुष्ठान को तुमने जवानी में ही पूरा करना प्रारम्भ किया हैं इससे मैं अत्यन्त खुश हो रहा हूँ। सबसे अधिक तेरा प्रभाव मालूम पड़ता है। इस संसार में तारुण्यलक्ष्मी शरद् ऋतु के मेघों की छाया की तरह क्षणस्थायिनी होती हैं। विषय तो आपात रमणीय होते हुए भी परिणाम में दुखद ही होते हैं। यह तो और शोचनीय विषय है कि प्राणियों को सबसे पहले जन्म लेने में कितना दुःख होता है, बाद में जीवन भी हमेशा आधि-व्याधि-पीड़ा और शोकादि से युक्त होने से विषमिश्रित अन्न की तरह भयंकर रहता है। उस पर मृत्यु आगे विकराल कालवत् मुँहफाड़े तैयार रहती है। इसलिये तुम जैसे विवेकी महात्मा पुरुष मोक्ष को ही इच्छा करते हैं परन्तु तुम तो आयुध कवचादि युक्त होने से वैरिविजयाभिलाषी मालूम पड़ते हो, मोक्षाभिलाषी मालूम नहीं पड़ते। आत्मपीड़ा की तरह पर-पीड़न भी नहीं करना चाहिए। इसलिये अभी गङ्गाजी के पवित्र जल से अत्यन्त पवित्र इस इन्द्रकील पर्वत पर मुक्ति सुलभरूप में मिल सकती है अतः अस्त्र-शस्त्र धारण करना व्यर्थ है। बाद में विनय के साथ अर्जुन इन्द्र से मधुर वचन बोले—भगवन्! आपने बिलकुल युक्तियुक्त बातें कही हैं। आपके वचन ओज और प्रसाद गुण से भरे हुए प्रतीत होते हैं। सर्वथा आपका वचन अकाट्य मालूम पड़ता है किन्तु आपने मेरे तपोऽनुष्ठान के रहस्य एवं पौर्वापर्य क्रम को नहीं जानकर ही मुनिवत् मुझको उपदेश दिया है। प्रस्तुत विषय को न जानकर बोलने वाले बृहस्पति का वचन भी निष्फल हो जाता है। मैं आपके उक्त उपदेश का पात्र नहीं हूँ। मैं तो एक क्षत्रिय पाण्डु का पुत्र अर्जुन हूँ। दुर्योधनादि द्वारा सर्वस्व ले लेने पर अत्यन्त दुखी होकर युधिष्ठिर जी की आज्ञा से इस दुस्तर तप को मैं कर रहा हूँ। भगवान् व्यास से आदिष्ट होकर अस्त्र ग्रहण कर क्षत्रिय कुल के इष्टदेव भगवान् इन्द्र के आराधनार्थ यहाँ आया हूँ। महाराज युधिष्ठिर कपट जुआ में अपना सर्वस्व हार गये। सम्प्रति मेरे विरह से द्रौपदी और अन्य भाइयों के साथ वे अत्यन्त दुखी हो रहे होंगे। मैं आपसे अधिक कहाँ तक कहूँ। शत्रु ने हमारे शरीर से चादर तक भी छीन ली। उनके मर्मवेधी वचनों को सुनकर हमारे हृदय विदीर्ण हो गये हैं। बहुत दुःख की बात तो यह हैं कि—भरी सभा में बुरी तरह द्रौपदी उनके द्वारा अपमानित की गयी है। वहाँ पर द्रौपदी आँसू बहाती हुई कुररी पक्षी की तरह रोई थी। परन्तु समय की विधिमर्यादा को जानते हुए युधिष्ठिर महाराज ने ऐसी दुर्दशा को भी झेलते हुए अपनी मनस्विता का परिचय देकर विश्व को ही चकित कर दिया।

दुर्जनों के साथ मैत्री करना महान् अनर्थकारक होता है। उसी का यह परिणाम हुआ कि दुर्योधनादि के साथ अजातशत्रु युधिष्ठिर की भी उनसे इतनी बड़ी शत्रुता हो गई। दुर्जनों के स्वभाव का पता लगना फलप्रकाश से पहले अत्यन्त कठिन हो जाता है। युधिष्ठिरजी भी उसका प्रतिकार करने की भावना से ही जी रहे हैं। इस संसार में मानहीन प्राणियों को लोग तृण से भी तुच्छ समझते हैं। इसलिये मैं सुख का अभिलाषी नहीं हूँ। एवं बुढ़ापा और मृत्यु के भय से मोक्ष को भी नहीं चाहता, किन्तु विरहाग्नि से संतप्त शत्रुवनिताओं के लोचन जल से वैरियों के छल से प्राप्त अपयश रूप कीचड़ को धोने की इच्छा से तप कर रहा हूँ। इसलिये मुझे लोकापवाद का भय नहीं है। मति-विभ्रम-जन्य प्रमाद की भी शङ्का नहीं है। शत्रु का बदला न चुकाकर मोक्ष प्राप्त करना भी विजय का प्रतिबन्धक महान् विघ्न ही है। शत्रु को मार कर अपने यश को फैलाने वालों की अपेक्षा जन्म ही न लेना अच्छा है। वैसा पुरुष तो जीता हुआ भी मरा सा ही रहता है। मेरे बड़े भाई युधिष्ठिर जी अपनी प्रतिष्ठा के अनुसार शत्रुवधार्थी होकर मेरी ओर ही निगाह डाले हुए बैठे हैं। मैं उनकी आज्ञा का उल्लंघन नहीं करना चाहता। मेरी प्रतिज्ञा है—या तो मैं इस पर्वत में विलीन हो जाऊँगा, या अपने इष्टदेव इन्द्र की आराधना कर अयश शल्य को समूल नष्ट करूंगा। बाद में इन्द्र अर्जुन को विजयार्थ महादेव की आराधना करने के लिये उपदेश देकर अन्तर्हित हो गये।

द्वादश सर्ग

महादेव की आराधना के लिये अर्जुन का तपोऽनुष्ठान वर्णन

इन्द्र के उपदेशानुसार अर्जुन यथाविधि शिवजी के आराधनार्थ कठिनतम तपस्या करने लगे। इन्द्रियों को वश में करके उपवास करते हुए विजयाभिलाषी होकर सूर्य के सामने एक पैर से खड़े होकर तप करते हुए उनके कितने ही दिन बीत गये किन्तु वे पर्वत की तरह धैर्य धारण कर अपने नियम से नहीं डिगे। पास ही में बन के पके हुए फलों और अत्यन्त शीतल स्वच्छ पानी की भी चाह नहीं की। उनका मन उस अवस्था में भी परिम्लान नहीं हुआ। तप से शरीर के पतले हो जाने पर भी ओज नहीं घटा बल्कि बढ़ता ही गया। जटाओं के समूह से देदीप्यमान होते हुए और धनुष को तान कर सन्धान किये हुए वे अर्जुन रुद्र की तरह लोगों को विस्मयजनक भयंकर प्रतीत होने लगे। बाद में अर्जुन के तपःप्रभाव को सहन न कर पाने से महर्षि लोग शिवजी की शरण में पहुँचे। वहाँ जाने पर सहस्र सूर्य किरणों से भी अधिक तेजों से प्रकाशमान महेश्वर को सहसा देखने में वे ऋषि समर्थ नहीं हो पाये। अनन्तर वे मुनिलोग शिवजी की स्तुति करने लगे। स्तुति सुनकर महादेव उनके सामने दृश्यरूप धारण कर प्रकट हुए। बैल पर चढ़े हुए हिमालय के शिखर पर विराजमान होते हुए भी अलौकिक तेजःपुञ्ज से अखिल विश्व को

व्याप्त करते हुए और मस्तक में गङ्गा फेन की तरह शशिकला को धारण किये हुए एवं सर्प समूहों को बाहुओं में परिवेष्ठित किये हुए शिवजी जटाओं से विभ्राजमान हो रहे थे। शिव के सामने बैठे हुए वे महर्षिगण अर्जुन के तपःप्रभाव का वर्णन करने लगे—भगवन्! वृत्रासुर की तरह सूर्य-किरण-समूह को भी अभिभूत करने वाला कोई भीषण शरीर वाला पुरुष तप कर रहा है। उसमें यही एक विचित्रता है कि—तपस्वी होता हुआ भी धनुष, बाण, कवच, खड्ग, जटा, वल्कल और मृगचर्म को धारण किया हुआ तापसों के विरुद्ध वेश वाला प्रतीत हो रहा है। जब वह चलने लगता है तब पृथिवी भी काँप उठती है। इसलिये हमलोगों को उसके विषय में महान् संदेह हो रहा है—क्या यह सुरासुर सहित सारे ही विश्व को अपने तेज से दबाकर हराना चाहता है या जीत लेना चाहता है? या एक ही बार संहार करना चाहता है? लेकिन हम इसके सुदुःसह तेज को सहन करने में समर्थ नहीं हैं। भगवन्! आप सर्वज्ञ होते हुए भी क्यों इसकी उपेक्षा कर रहे हैं। हम आपकी ही शरण में आए हुए हैं। आप ही हमको बचाने में समर्थ हैं। इस तरह निवेदन कर महर्षियों के विरत होने पर भगवान् शंकर ने गम्भीरतापूर्वक बोलना आरम्भ किया—अये तपस्वियो! यह तो बदरिकाश्रम तपोवन में रहने वाले सृष्टिप्रलयकारी भगवान् नारायण का अंश होकर पृथिवी पर अवतीर्ण मनुष्य नामधेय कृष्ण का मित्र महात्मा धनञ्जय है। सम्प्रति सकल लोकों को संताने में तत्पर इन्द्र तुल्य पराक्रमशाली प्रबल शत्रुओं को जीतने की अभिलाषा से मुझको प्रसन्न करने के लिये तपोऽनुष्ठानार्थ उद्यत हुआ है। देवकार्य में लगे हुए इसको देखकर विघ्नबाधा डालने के लिये छल से वराह रूप को धारण कर मूकदानव इसे जीतना चाहेगा। उसी समय में किरात रूप धारण कर मेरे द्वारा उसको मारे जाने पर भी अर्जुन भी एक साथ बाण चलाने के कारण उस मृगया के लिये झगड़ पड़ेगा। उस समय मेरे साथ घोर संग्राम करते हुए अर्जुन के पराक्रम को आप लोग देख लेना। इस तरह उनको समझा कर शिवजी किरात वेश धारण कर तैयार हो गये। तदनुसार किरात सेना भी तैयार होकर सिंह समान गरजने लगी और शिवजी से आदिष्ट होकर मृगया के बहाने से चौतरफा चल पड़ी। प्रमथ गणों के साथ महादेव भी भयंकर रूप धारण कर सब को भयभीत करते हुए अर्जुन के आश्रम स्थान पर पहुँचे। वहाँ आते ही अर्जुन की ओर धावा करता हुआ वराह रूपधारी मूकदानव को देखकर भिन्हीं लड़ाकू किरातों के साथ शिवजी उसके पीछे चल पड़े।

त्रयोदश सर्ग

अर्जुन के वराहरूपधारी मूकदानवदर्शन का वर्णन

परम तपस्वी अर्जुन ने अत्यन्त भयंकर शरीरवाले पर्वत को भी विदीर्ण करने में समर्थ, भीषण दंष्ट्राओं से विकराल मुखवाले वराहरूप को धारण किये हुए मूकदानव को देखा। बाद में क्रोध से रोंगटे खड़े कर अरनी और ही दूर से धावा कर आते हुए उसको देखकर

अर्जुन अनेक वितर्क करने लगे—यह शूकर कठोर दाँतों से वृक्ष के जड़-भाग को उखाड़ कर और पर्वतीय तट भागों को भी तोड़ फोड़ कर क्यों अकेला ही मेरी ओर आक्रमण कर रहा है ? तप के प्रभाव से तपोवन के शान्त स्वभाववाले मृगों के परस्पर हिंसवृत्तियों को छोड़ देने पर भी यह मेरी तरफ हीं मारने की भावना से दौड़ता आ रहा है, इससे मुझे शक हो रहा है कि शायद किसी दैत्य का तो यह वराह रूप का इन्द्रजाल नहीं है ? अवश्य ही यह मारने वाला कोई व्यक्ति है, वराह नहीं है क्योंकि इसको देखकर मेरा मन कलुषित वृत्ति वाला हो रहा है। जिसको देखकर चित्त संक्षुब्ध एवं प्रसन्न हो उसी को क्रमशः शत्रु और मित्र समझना चाहिये। निरपराध मेरे जैसे तपस्विजन का कोई शत्रु नहीं हो सकता यह समझना भी गलत है क्योंकि अकारण द्वेष करने वाले दुर्जनों के लिये कोई भी कार्य अकार्य नहीं है। इसलिये यह माया रूपधारी कोई दैत्य दानव ही प्रतीत होता है। जो कोई भी हो अवश्य ही मैं इस हिंसक को मारूँगा। इस तरह सोचकर अर्जुन उसको मारने के लिये गाण्डीव धनुष पर वाण सन्धान कर सुसज्जित हो गये। बाद में भगवान् शङ्कर जी सुसज्ज अर्जुन को देखकर अपने पिनाक धनुष को भी प्रत्यञ्चा-तीर कमान से संधान कर तैयार हो गये। शिवजी ने तुरत ही उस वराह को लक्ष्य कर अपने पिनाक धनुष से वाण चलाया। वह वाण गनगनाहट के साथ अत्यन्त वेग से जाते हुए वराह के शरीर को वेधित करके गिरा कर पृथिवी में घुस गया। अर्जुन ने भी उसी समय में वाण को छोड़ा। वह वाण भी सकल जीव-जन्तुओं को व्यथित करता हुआ अत्यन्त वेग से जाकर लक्ष्य को विद्धकर पार चला गया। बाद में दोनों के वाण लगते ही वह शूकर कटे वृक्ष की भाँति गिरकर धराशायी हो गया। तदनन्तर अर्जुन अपने वाण को लेने के लिये उस वराह की ओर चल पड़े। वहाँ जाकर मृत वराह को देखने के बाद शिवजी के द्वारा भेजे हुए अचानक उपस्थित एक वनेचर को देखा। उस वनेचर ने अपनी सभ्यता के अनुसार नम्रता पूर्वक अर्जुन को प्रणाम कर कहा—भगवन् ! आपका यह सौम्यवेश अत्यन्त रमणीय होकर मन को शान्त करने वाला प्रतीत हो रहा है। आपका तपोऽनुष्ठान अत्यन्त ऊजस्वल एवं प्रभाव से परिपूर्ण मालूम पड़ता है। तपस्वी होते हुए भी आप गुण-गण-गौरवों से पर्वतेन्द्र हिमालय की तरह स्थिर एवं महेन्द्र के समान सुन्दर राजेन्द्र मालूम पड़ रहे हैं। निर्जन में रहते हुए भी भृत्यों से घिरे हुए की तरह कान्तिमान् लक्षित हो रहे हैं। आप जैसे महात्माओं के लिये तो मोक्ष भी दुर्लभ नहीं है, विजय-प्राप्ति की तो बात ही क्या है। ऐसी दशा में इतनी ख्याति वाले आप वराह को भेदन करनेवाले मेरे स्वामी शिवजी के वाण को नहीं लें। मनु पर्यन्त सभी महात्मा सदाचार का पालन करते आये हैं, आप ही यदि उससे च्युत हो जायेंगे तो वह सदाचार ही रसातल में चला जायगा। मैं तो समझता हूँ कि धोखे से ही दूसरे के वाण को लेने के लिये आप प्रवृत्त हुए हैं। दूसरे के वाण से वेधित पशु को ही वेधित करके आप शर्माते नहीं हैं बल्कि चोरी करने के लिये ही उद्यत हो रहे हैं। धन्य आपका साहस है। मेरे स्वामी किरातपति के सिवाय दूसरा

कोई भी इस भयंकर कठोर वराह को नहीं मार सकता है। सब विपन्नप्राणियों के हित करने वाले किरातपति के साथ उत्पन्न विरोध, आपको ही समूल नष्ट कर देगा। इसलिये उनका वाण लौटाकर राम-सुग्रीव की भाँति उनसे आप मैत्री कर लीजिये। आप विनय के साथ उनसे याचना करें तो वाण को कौन पूछता है, सारी पृथिवी को ही जीतकर वे आपको दे सकते हैं। उनसे कोई भी याचक हताश होकर नहीं लौटता। इस तरह उस वनेचर ने अर्जुन को अनेकों प्रकार वाण लौटाने के लिये समझाकर कहा।

चतुर्दश सर्ग

वनेचर के प्रति अर्जुन के प्रत्युत्तर का वर्णन

उस वनेचर के गर्वीले वचन-प्रपञ्चों से अत्यन्त आहत होकर भी समुद्र की जल-तरङ्गों से ताड़ित पर्वत की तरह अर्जुन क्रोधित होकर गम्भीरता के कारण विकृत नहीं हुए। परन्तु बड़ी शान्ति से समयानुसार अक्षुभित होकर यथोचित उत्तर देने लगे—इस संसार में स्पष्टाक्षरों से युक्त प्रसाद गुणगुम्फित अत्यंत गंभीर श्रवणप्रिय शत्रुओं को भी रुचनेवाली मधुर वाणी पुण्यवान् व्यक्ति ही बोल सकते हैं। आपकी भी वाणी वैसी ही मनोहारिणी प्रतीत हो रही है। कोई तो केवल शब्दाडम्बर के ही प्रिय होते हैं। कोई वचनरचना में ही हृदयगत भाव को निविष्ट करने में चतुर होते हैं। कोई व्यक्ति तो गूढ़ार्थ को ही केवल व्यक्त करने में पटु होते हैं। परन्तु आप तो इन सब गुणों से युक्त मालूम पड़ते हैं। यह आप में एक विशेषता पायी जाती है। किरात होकर भी आप अपनी एक विलक्षण वोलने की छटा से सान्त्वनापूर्वक प्रलोभन देकर ठगना चाहते हैं जिससे अनुचित काय भी समुचित मालूम पड़ता है। यदि आप वड़े उचित वक्ता हैं तो जब आपके स्वामी फलविघातक मेरे ऊपर आक्रमणरूप अनुचित कार्य करना चाहते थे तब आपने उन्हें क्यों नहीं रोका। वास्तविक बात तो यह है कि आपके स्वामी का बाण कहीं छिप गया है उसके लिये तो वन पर्वत को ढूँढ़ना ही ठीक होगा। सज्जनों के सदाचारादि का भी मैं किसी तरह परित्याग नहीं करता, खाण्डववन को जलाते समय अग्नि द्वारा मेरे सारे बाणों के दग्ध हो जाने पर भी मैंने सुरेन्द्र के बाणों को भी लेने की इच्छा नहीं की, पर्वतीय किरात के वाण की तो बात ही क्या है। इस जंगल में रहनेवाले मृगादि पशु को मारने वाला ही उसका अधिकारी होता है, इस नियम से भी वराह को मारने वाले मुझको ही वराह मिलना चाहिये। इसमें आपके स्वामी को अपनेपन का मिथ्याभिमान छोड़ देना चाहिये अन्यथा उनका कल्याण नहीं होगा। अपने को बचाने के लिये जिघांसु को मारने में कोई दोष नहीं लगता है। इस शिकार को आपके स्वामी तथा मैंने एक साथ ही मारा है, इसलिये पहले उनके द्वारा ही मारे जाने में कोई युक्ति नहीं है। यदि मुझको बचाने के लिये ही उन्होंने बाण फेंका तो शत्रु का नाशमात्र होने से ही उनका उद्देश्य पूरा हो गया फिर उसको मेरे द्वारा ले लेने पर क्यों उनको शर का लोभ हो रहा है कुछ समझ में नहीं

आता। कृपा की पराकाष्ठा हो गयी। मनस्वी व्यक्तियों को दूसरे से माँगना शोभा नहीं देता। आपके स्वामी मिथ्या आरोप लगाकर कुछ अपना ही स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं। यदि वे अस्त्र ही लेना चाहते हैं तो मुझ से माँग लें, मैं उनको दूसरा ही अस्त्र दे सकता हूँ। महान् व्यक्ति नीचों के साथ वैर या मित्रता नहीं करना चाहते, इसी से मैंने उनके बहुत से तिरस्कार वचनों को सहन कर लिया है। यदि वे स्वयं वाण लेने के लिये यहाँ आयेंगे तो मैं अच्छी तरह उसका मजा चखा दूँगा, इस तरह अर्जुन के वचनों को सुनकर, 'यार ! हमको जीतकर कहाँ जाओगे' इस तरह अपने प्रताप एवं गर्वोक्ति से वह वनेचर अर्जुन को डराता हुआ महादेवजी के पास चल पड़ा। बाद में शिवजी की आज्ञा से किरात सेना गरजती हुई अर्जुन से लड़ने के लिये चल पड़ी। शिवजी भी अपने पिनाक धनुष को तानकर सेना का अधिपति होकर विराजमान होने लगे। बाद में वे प्रमथगण तपोऽनुष्ठान से अत्यन्त कृश होते हुए भी परम ओजस्वी एवं तूणीर से एक वाण को निकाल कर विजय की अभिलाषा से धारण किये हुए अर्जुन के पास पहुँचे। पहुँचते ही वे सब एक ही बार अर्जुन पर टूट पड़े। परन्तु उनके द्वारा अनेकों अस्त्र-शस्त्रों के प्रहार करने पर भी अर्जुन का एक भी बाल बाँका नहीं हुआ। बाद में अर्जुन गाण्डीव धनुष को संबद्ध कर प्रलय-कालिक घोर रूप धारण कर युद्ध करने के लिये प्रमथगणों पर टूट पड़े। उनके बाणवर्षणों से सारी किरात सेना ढँक कर मूर्च्छित हो गयी।

पञ्चदश सर्ग

शिव और अर्जुन का युद्ध-वर्णन

अत्यन्त क्रुद्ध वीर अर्जुन के वाणप्रहारों से सारे भूतवर्ग भयभीत हो गये। महादेवजी की सेना अपने आयुधों को छोड़कर भाग गयी, सामने में विद्यमान शिवजी को भी भय के मारे घबड़ा कर नहीं देख सकी। उसकी दुर्दशा देखकर धनञ्जय को भी दया आ गयी। महान् व्यक्ति को कमजोर शत्रु पर भी कृपा आ जाती है। तदनन्तर वह अर्जुन चाप संधान कर कार्तिकेय की ओर लड़ने के लिये आगे चल पड़े। भय के मारे भागते हुए कार्तिकेय के सैनिकों के पीछे वे भी चल पड़े। अर्जुन के बाणों से पीड़ित सैनिकगणों को देखकर कुछ घबड़ाकर कार्तिकेय जी तसल्ली देते हुए समझाने लगे—अये सेनापतियो ! आप लोग संग्रामभूमि से मत भागें। आपके वाणपातजन्य दुःखों को मैं खुद दूर कर देना चाहता हूँ। आप लोग घबड़ायें नहीं। कौनसी विपत्ति अभी आप लोगों पर आ पड़ी, जिसको दूर करने के लिये आप लोग युद्ध-भूमि को छोड़कर भागना चाहते हैं। यह तो एक साधारण मनुष्य है। इसको छोड़कर क्यों भागना चाहते हैं। इसके पास तो रथ, घोड़ा, हाथी, पैदल सेना आदि साधन भी नहीं है। इसलिये आपको यहाँ से नहीं भागना चाहिये। अन्यथा अपयश होगा। पूर्व जमाने में असुरों के साथ युद्ध करके प्राप्त सुयश को भी आप लोग इस समय क्यों लुप्त कर रहे हैं। इस तरह कार्तिकेय द्वारा समझाये

गये प्रमथ गणों को शिवजी ने अपनी मुस्कराहट से अभयवाक्य प्रदान करते हुए आश्वासन देकर संतुष्ट किया। बाद में शिव और अर्जुन में तुमुल संग्राम होने लगा। अर्जुन द्वारा प्रक्षिप्त बाणों को शिवजी ने बड़ी चतुराई से छिन्न-भिन्न कर दिया। अर्जुन भी शिवबाणों का निवारण करते हुए संग्राम-भूमि में विचरने लगे और गांडीव धनुष कँपाते हुए सूर्यवत् चमकने लगे। शिवजी ने कृपा से द्रवित होकर मर्मवेधी बाणों को नहीं फेंका। अर्जुन उनके अनेक बाणों से आहत होकर भी नहीं घबड़ाये, इस तरह इन दोनों के रोमाञ्चकारी संग्राम को देखकर महर्षि, देव और प्रमथादि गण सब चकित हो गये।

षोडश सर्ग

लीलामात्र से किरातवेश को धारण करने वाले शिवजी के समर-दर्शन से अर्जुन का वितर्क-वर्णन

तपस्वी अर्जुन किरातपति की संग्रामकुशलता को देखकर एवं चकित सा होकर अनेक प्रकार के तर्क वितर्क करने लगे—अहो ! इस संग्राम में मतवाले दिग्गज हाथी भी नहीं दिखाई पड़ते और अनेक पताकाओं से अलंकृत महारथ भी नहीं हैं। बड़े वेगशाली होकर दौड़ने वाले घोड़े भी नहीं हैं। न तो अत्यन्त लड़ाकू वीर भट योद्धागण ही दिखाई पड़ते हैं। वीरों के उत्साहवर्द्धक रणभेरी दुन्दुभि नगाड़े भी नहीं बजाये जा रहे हैं। रुधिर को नदियाँ भी शोणितों से भरपूर होकर नहीं बह रही हैं। फिर भी यह अत्यन्त आश्चर्य की बात है कि—इस किरात-युद्ध में सकलवीरों को मथित करनेवाली मेरी शक्ति क्यों अव-कुण्ठित हो रही है ? क्या यह कोई माया है ? या मुझे ही मतिविभ्रम हो रहा है। या मैं वह अर्जुन ही नहीं हूँ ? जिससे कि मेरे गाण्डीव से निर्मुक्त अमोघ बाण भी लक्ष्य से टकराकर खण्ड-खण्ड हो जाता है। वास्तव में यह किरात नहीं मालूम पड़ता, क्योंकि अपने धनुष की टङ्कार से आकाशमण्डल को ही विदारण करता हुआ सा लक्षित होता है और धनुष को खींचने, एवं प्रत्यञ्चा को तानने तथा बाणों का सन्धान और मोक्षण आदि में इसका हस्तलाघव अद्भुत प्रतीत होता है। जैसा इसमें दूसरों के छिद्र को ढूँढ़ने की पटुता और अपने विवरों के संरक्षण की कुशलता पाई जाती है, वैसी तो वीर शिरोमणि भीष्म-द्रोण में भी नहीं है। इसलिये इसके पराक्रम को दिव्यास्त्र प्रयोग द्वारा ही दूर करना चाहिये नहीं तो महान् अनर्थ होगा। यह सोचकर अर्जुन ने अपने गाण्डीव धनुष पर प्रस्तापन नामक महास्त्र को चढ़ाया। उसके प्रभाव से सारी शत्रुसेना घोर अन्धकारों से ढँक गयी और नशा में पड़कर मूर्च्छित सी हो गयी। किसी के हाथ से तलवार ही गिर पड़ी। उस समय किरात वेश से ढँके हुए चन्द्रशेखर महादेवजी के ललाट से क्रोध के मारे आग की चिनगारी निकलने लगी। उसके प्रकाश से अन्धकार-रहित होकर, प्रमथगण भी मूर्च्छा को त्यागकर फिर से तलवार धारण कर संनद्ध हो गये। दिशायें प्रसन्न हो गईं। सूर्यकिरणें चमकने लगीं। अर्जुन ने अपने प्रस्वापनास्त्र को विफल जानकर नागपाशों

को चढ़ाया। नागपाशों के प्रभाव से आकाशचारी पक्षीगण इधर-उधर भाग गये। बाद में भगवान् शंकर ने गारुड़ास्त्र से उन नागपाशों को दूर करने के लिये आकाशमण्डल को ही गरुड़मय बना दिया। गरुड़ के परों के कम्पन से उत्थित पवन अत्यन्त वेग से बहता हुआ वनवृक्षों को ही जड़ से उखाड़ कर आकाश में ले आया। सर्प-समूह भी सहसा शान्त हो गया। अर्जुन ने अपने नागास्त्रों को वैरी के प्रभाव से विफल समझकर क्रुद्ध होते हुए आग्नेयास्त्र को चलाया उससे चारों तरफ आग की लपटों से ज्वाला धधकने लगी। इस तरह अखिललोक को ग्रसने के लिये उद्यत होते हुए प्रलयकालिक महाप्रचण्ड ज्वल-ज्ज्वालावाली आग को देखकर भगवान् शंकर ने उसको शान्त करने के लिये वारुणास्त्र का प्रयोग किया। उससे तुरत ही आकाश में बादलों की घटा छा गयी। उससे मूसलाधार वर्षा होने लगी। बाद में आग की लपटें आपसे आप शान्त हो गयीं। आग के शान्त होने से आकाशभाग हरा भरा सा दीखने लगा। इस तरह वैरिवधार्थ अर्जुन ने जिन-जिन अस्त्रों का उपयोग किया, उन-उन अस्त्रों को महादेव जी ने व्यर्थ ही कर दिया। अन्त में अर्जुन ने अपने सारे अस्त्रों के विफल हो जाने पर महादेव जी के साथ बाहु युद्ध ही करने की इच्छा की।

सप्तदश सर्ग

हरसेना के साथ अर्जुन के युद्ध का वर्णन

(यक्षने अर्जुन से कहा)—आप शान्तभावता धारण करते हुये भी व्यास मुनि के निर्देश से क्षात्रधर्म का पालन करते हुए अर्थात् शस्त्रग्रहण करते हुए सावधान होकर तपश्चर्य्या कीजिये । यद्यपि अनुकूल (कल्याणकारी) भाग्य होते हुए भी विघ्न-बाधाओं के बिना कल्याण प्राप्त करना कठिन है । अर्थात् कल्याण प्राप्त होने में अनेक प्रकार के विघ्न उपस्थित होते हैं अतः विघ्न-निवारणार्थ शस्त्र-धारण करना आपके लिये अत्यावश्यक है ॥ ४९ ॥

मा भूवन्नपथहृतस्तवेन्द्रियाश्वाः
सन्तापे दिशतु शिवः शिवां प्रसक्तिम् ।
रक्षन्तस्तपसि बलं च लोकपालाः
कल्याणीमधिकफलां क्रियां क्रियासुः ॥ ५० ॥

मा भूवन्निति । तवेन्द्रियाण्येवाश्वास्ते । अपथेन हरन्तीत्यपथहृतो मा भूवन् । त्वामपथं मा निनीषुरित्यर्थः । 'माङि लुङ्' इत्याशीरर्थे लुङ् । सन्तापे तपःक्लेशे सति शिवः शिवां साधीयसीं प्रसक्तिं प्रवृत्तिमुत्साहं दिशतु । किञ्चेति चार्थः लोकपाला इन्द्रादयस्तपसि विषये बलं शक्तिं रक्षन्तो वर्धयन्तः सन्तः कल्याणीं साध्वीं क्रियामनुष्ठानमधिकफलां क्रियासुः कुर्वन्तु । करोतेराशिषि लोट् ॥ ५० ॥

आपके इन्द्रिय-वर्ग घोड़ों के सदृश उन्मार्गगामी नहीं हैं आपको कष्टावस्था में शंकर भगवान् कार्य्यसाधन-समर्थ उत्साह प्रदान करें । लोकपाल आपके तपःसाधन में शक्ति की अभिवृद्धि करते हुए आपके शोभन कर्तव्यानुष्ठान को सफल बनावें ॥ ५० ॥

इत्युक्त्वा सपदि हितं प्रियं प्रियार्हे
धाम स्वं गतवति राजराजभृत्ये ।
सोत्कण्ठं किमपि पृथासुतः प्रदध्यौ
संधत्ते भृशमरतिं हि सद्वियोगः ॥ ५१ ॥

इतीति । प्रियार्हे राजराजभृत्य इति पूर्वोक्तम् । हितं प्रियं वचनमिति शेषः । उक्त्वा सपदि स्वं स्वकीयं धाम स्थानं गतवति सति । पृथासुतोऽर्जुनः सोत्कण्ठं सौत्सुक्यं किमपि प्रदध्यौ चिन्तयामास । तथाहि । सद्वियोगः सुजनवियोगो भृशमरतिं व्यथां सन्धत्ते । करोतीत्यर्थः । अर्थान्तरन्यासः ॥ ५१ ॥

इस प्रकार प्रिय और हितकर वाक्य कहकर, प्रेमपात्र कुबेरानुचर (यक्ष) के चले जाने पर, अर्जुन ने उत्कण्ठापूर्वक क्षणभर के लिये यक्ष का आध्यान किया क्योंकि सुजन वियोग दुःखदायी होता ही है ॥ ५१ ॥

तमनतिशयनीयं सर्वतः सारयोगा-
दविरहितमनेकेनाङ्कभाजा फलेन ।
अकृशमकृशलक्ष्मीश्चेतसाशंसितं स
स्वमिव पुरुषकारं शैलमभ्याससाद ॥ ५२ ॥
इति भारविकृतौ महाकाव्ये किरातार्जुनीये पञ्चमः सर्गः ।

तमिति । अकृशाः पूर्णा लक्ष्म्यः शोभा यस्य सोऽकृशलक्ष्मीरिति बहुवचनाश्रितो बहुव्रीहिः । एवं च 'उरःप्रभृतिभ्यः–' इति कप्प्रत्ययानवकाशः । तत्र लक्ष्मीशब्दस्यैकवचनान्तस्यैव पाठात् । नापि 'नद्यृतश्च' इत्यस्यावकाशः । उरःप्रभृतिपाठसामर्थ्यादिव शैषिकस्तु वैभाषिक इत्यविरोधः । सोऽर्जुनः सर्वतः सर्वत्र सारयोगादुत्कृष्टबलप्रयोगात् । 'सारो बले स्थिरांशे च न्याय्ये क्लीबं वरे त्रिषु' इत्युभयत्राप्यमरः । अनतिशयनीयमनतिक्रमणीयमनेकेन बहुनाङ्कभाजा समीपं गतेन । शीघ्रभाविनेति यावत् । फलेन कार्यसिद्ध्याऽविरहितमशून्यम् । कार्यसिद्धेरवश्यं साधकमित्यर्थः । अकृशमतनुं चेतसाशंसितं प्राप्तमिष्टं शैलमिन्द्रनीलं स्वमात्मीयम् । पुरुषस्य कारः कर्म तं पुरुषकारमुक्तविशेषणविशिष्टं पौरुषमिवाभ्याससाद प्राप्तवान् । मालिनीवृत्तम् ॥ ५२ ॥

इति श्रीमहामहोपाध्यायकोलाचलमल्लिनाथसूरिविरचितायां किरातार्जुनीयकाव्यव्याख्यायां घण्टापथसमाख्यायां पञ्चमः सर्गः समाप्तः ॥

जिस प्रकार अर्जुन का पुरुषार्थ सर्वथा अनतिक्रमणीय, आशुभावी; अनेक प्रकार के फल से युक्त और महान् था उसी प्रकार इन्द्रनील पहाड़ भी था, सर्वथा बलप्रयोग से उसे कोई क्रान्त नहीं कर सकता था। उस पर रहकर साधन करने वाले पुरुष की अनेक-विध फल-सिद्धि आशुभाविनी थी। बहुत दिनों से अर्जुन, उस (पहाड़) को चित्त से चाहते थे। इसी इन्द्रनील पर्वत का आश्रय (अवलम्ब) उन्होंने (पृथानन्दन ने) लिया। उस क्षण वे भी पूर्ण तथा सुशोभित हो रहे थे ॥ ५२ ॥

पञ्चम सर्ग समाप्त ।

षष्ठः सर्गः

रुचिराकृतिः कनकसानुमथो परमः पुमानिव पतिं पतताम् ।
धृतसत्पथस्त्रिपथगामभितः स तमारुरोह पुरुहूतसुतः ॥ १ ॥

रुचिराकृतिरिति । अथो आसादनानन्तरं रुचिराकृतिः सौम्यविग्रहो धृतसत्पथोऽवलम्बितसन्मार्गः । आकारानुरूपगुणवानित्यर्थः । 'यत्राकृतिस्तत्र गुणा वसन्ति' इति सामुद्रिकाः । उपमानेऽपि समानमेतत् । स पुरुहूतसुतोऽर्जुनः । कनकस्य विकाराः सानवो यस्य तं कनकसानुम् । गरुडसावर्ण्यार्थं विशेषणमेतत् । 'समुदाये विकारषष्ठ्योश्च' इति बहुव्रीहिरुत्तरपदलोपश्च । तमिन्द्रकीलम् । परमः पुमान्विष्णुः पततां पक्षिणां पतिं गरुडमिव । त्रिभिः पथिभिर्गच्छतीति त्रिपथगा भागीरथी । 'अन्येष्वपि दृश्यते' इति डप्रत्ययः । उपपदसमास उत्तरपदसमासश्च । तामभितोऽभिमुखमारुरोह । 'समीपोभयतः शीघ्रसाकल्याभिमुखेऽभितः' इत्यमरः । प्रमिताक्षरावृत्तम्—'प्रमिताक्षरासजससैरुदिता' इति लक्षणात् ॥ १ ॥

इन्द्रनील पर्वत के समीप पहुँचने के बाद, सुन्दर शरीरधारी तथा सन्मार्गानुवर्त्ती, इन्द्रसुत (अर्जुन) ने भगवती भागीरथी के सामने से सुवर्ण शिखर से युक्त इन्द्रनील पर आरोहण किया जिस तरह विष्णु भगवान् अपने पक्षिराज गरुड़ पर आरूढ होते हैं ॥ १ ॥

अथास्य कार्यसिद्धिनिमित्तानि सूचयन्मार्गं वर्णयति—

तमनिन्द्यवन्दिन इवेन्द्रसुतं विहितालिनिक्वणजयध्वनयः ।
पवनेरिताकुलविजिह्मशिखा जगतीरुहोऽवचकरुः कुसुमैः ॥ २ ॥

तमिति । विहिता अलिनिक्वणा जयध्वनय इव यैस्ते तथोक्ताः पवनेन वायुनेरिता नुन्ना अत एवाकुला लोला विजिह्मा वक्राश्च शिखाः शाखाग्राणि येषां ते तथोक्ताः । 'शिखा ज्वाला केकिमौल्योः शिखाशाखाग्रमौलिषु' इति वैजयन्ती । जगतीरुहो भूरुहः क्विप् । अनिन्द्या अनवद्या ये बन्दिनः स्तुतिपाठकास्त इव । तमिन्द्रसुतमर्जुनं कुसुमैरवचकरुः । अभिववृषुरित्यर्थः । 'ऋच्छत्यृताम्' इति गुणः । अत्र किरतेर्वृष्ट्यर्थत्वात्कुसुमानां करणत्वम् । विक्षेपार्थत्वे तु कर्मत्वमेव । यथा 'कटाक्षान्वामा किरति' इति । दृश्यते च धातूनामर्थभेदात्कारकव्यत्ययः । यथा सिञ्चतेः क्षरणार्द्रीकरणयोरर्थयोर्द्रवद्रव्यस्य कर्मत्वकरणत्वे । यथा—'मेघोऽमृतं सिञ्चति गौः पयश्च' 'सिञ्चतीवामृतैर्वपुः' इति च । अत्र वाक्ये समासगतयोरुपमयोः साध्यसाधनभावादङ्गाङ्गिभावेन सङ्करः ॥ २ ॥

जयध्वनि की तरह भ्रमर-गुञ्जार-गुञ्जित, वृक्षों ने जिनके शिखाग्र वायु से कम्पित हो रहे थे, प्रशस्त बन्दीजनों की तरह अर्जुन को पुष्प के प्रक्षेप से आवृत कर लिया ॥ २ ॥

अवधूतपङ्कजपरागकणास्तनूजाह्नवीसलिलवीचिभिदः ।
परिरेभिरेऽभिमुखमेत्य सुखाः सुहृदः सखायमिव त मरुतः ॥ ३ ॥

अवधूतेति । अवधूताः पङ्कजपरागकणा येस्ते तयोक्ता इति सौरभ्योक्तिः । तनुजाह्नव्याः सलिलवीचोर्मिन्दन्तीति तथोक्ता इति शैत्योक्तिः । सुखयन्तोति सुखाः । पचाद्यच् । सुखस्पर्शा इति मान्द्योक्तिः । मरुतो वातास्तमर्जुनं सुहृदः सखायमिवाभिमुखमेत्यागत्य परिरेभिरे । आलिङ्गितवन्तः ॥ ३ ॥

जिस तरह एक मित्र अपने मित्र से मिलता है उसी तरह, कमल के पुष्परजकणों को बिखेरते हुए अतएव सुगन्ध, छोटी-छोटी गङ्गाजल-लहरियों का सम्पर्क करते हुए अतएव शीतल सुखदायी अतएव मन्द पवनों ने सम्मुख उपस्थित होकर अर्जुन का आलिङ्गन किया। अर्थात् वहाँ शीतल, मन्द और सुगन्ध वायु से अर्जुन तृप्त हो गये ॥ ३ ॥

उदितोपलस्खलनसंवलिताः स्फुटहंससारसविरावयुजः ।
मुदमस्य माङ्गलिकतूर्यकृतां ध्वनयः प्रतेनुरनुवप्रमपाम् ॥ ४ ॥

उदितेति । उदितोपलेषून्नतपाषाणेषु स्खलनेन प्रतिघातेन संवलिताश्चूर्णिताः । अतस्तूर्यघोष इव घुमघुमायमाना इत्यर्थः । स्फुटैर्हंसानां सारसानां च विरावैर्युज्यन्त इति तथोक्ताः । क्विप् । अनुवप्रमपाम् । अन्तः पतन्तीनामिति शेषः । ध्वनयोऽस्यार्जुनस्य मङ्गलं प्रयोजनमेषां ते माङ्गलिकाः । 'प्रयोजनम्' इति ठञ् । तैस्तूर्यैः कृतां मुदं हर्षं प्रतेनुः । अत्रान्यस्यान्यकार्यकारणसम्भवात्तूर्यकृतमुत्सदृशीं मुदमिति प्रतिबिम्बेनाक्षेपान्निदर्शनालङ्कारः ॥ ४ ॥

ऊँचे उठे हुए प्रस्तरों से टक्कर खाकर चूर-चूर की तरह होने वाली जल की कल कल ध्वनियाँ, व्यक्त हंस सारस के कूजन से युक्त होकर; अर्जुन को मङ्गल-सूचक-मृदंगादि-घोष-जनित प्रसन्नता की वृद्धि करने लगीं ॥ ४ ॥

अवरुग्णतुङ्गसुरदारुतरौ निचये पुरः सुरसरित्पयसाम् ।
स ददर्श वेतसवनाचरितां प्रणतिं बलीयसि समृद्धिकरीम् ॥ ५ ॥

अवरुणेति । सोऽर्जुनः पुरोऽग्रेऽवरुग्णतुङ्गसुरदारुतरौ भग्नोन्नतदेवदारुद्रुमे बलीयसि बलवत्तरे । मत्वन्तादीयसुनि मतुपो लुक् । सुरसरित्पयसां निचये पूरे विषये वेतसवनेन वानीरवनेनाचरिताम् । 'अथ वेतसे । रथाभ्रपुष्पविदुलशीतवानीरवञ्जुलाः' इत्यमरः । समृद्धिकरीं श्रेयस्करीम् । लोके यथादृष्टामित्यर्थः । प्रणतिं ददर्श । या सर्वलोकदृष्टान्तभूतेति भावः ॥ ५ ॥

अर्जुन ने प्रबल, (प्रखर वेग-युक्त) भागीरथी-जल-राशि के विषय में देखा कि छोटे-छोटे वृक्ष कभी तो जल में गोते लगा रहे थे और कभी-कभी ऊपर उठ जाते थे यह उनकी दशा

वन्जुलवनों के द्वारा आचरण की हुई विनम्रता की सी होती थी जिससे (विनम्रता से) सर्वत्र ऐश्वर्य्य की अभिवृद्धि होती है ॥ ५ ॥

प्रबभूव नालमवलोकयितुं परितः सरोजरजसारुणितम् ।
सरिदुत्तरीयमिव संहतिमत्स तरङ्गरङ्गि कलहंसकुलम् ॥ ६ ॥

प्रबभूवेति । सोऽर्जुनः परितः सरोजरजसा कमलरेणुनारुणितं पाटलितम् । उत्तरीयं च कुसुमादिनारुणितं भवति । संहतिमन्नीरन्ध्रं तरङ्गरङ्गि वारितरङ्गशोभि सरिदुत्तरीयं स्तनांशुकमिव स्थितं कलहंसकुलं कादम्बकुलमवलोकयितुमलमत्यर्थं न प्रबभूव न शशाक । तत्सौन्दर्योद्वेलत्वादिति भावः ॥ ६ ॥

अर्जुन ने चारों ओर (पद्म-कमल) पराग से रंगे हुए तथा अभिन्न, जलतरङ्ग से शोभित, राजहंस-कुल को जो गङ्गा के उत्तरीय पट के सदृश थे, अब अधिक देर तक निरीक्षण करने में अपने को असमर्थ पाया ॥ ६ ॥

दधति क्षतीः परिणतद्विरदे मुदितालियोषिति मदस्रुतिभिः ।
अधिकां स रोधसि बबन्ध धृतिं महते रुजन्नपि गुणाय महान् ॥ ७ ॥

दधतीति । सोऽर्जुनः क्षतीः क्षतानि दधति धारयति । कुतः । परिणतास्तिर्यग्दन्तप्रहारिणो द्विरदा यस्मिंस्तस्मिन् । 'तिर्यग्दन्तप्रहारस्तु गजः परिणतो मतः' इति हलायुधः । मदस्रुतिभिर्मुदितालियोषिति रोधस्यधिकां धृतिं प्रीतिं बबन्ध । निश्चलीकृतवानित्यर्थः । तथाहि । महान्रुजन्पीडयन्नपि महते गुणायोत्कर्षाय भवति । महत्कृता पीडापि शुभावहैवेत्यर्थः । तद्युक्तं गजरुग्णस्यापि रोधसः प्रीतिकरत्वमिति भावः ॥

अर्जुन के लिये गङ्गा का तट अधिक प्रीति (जनक) हुआ । (यद्यपि) वह तट हाथियों के तिर्य्यक् दन्तप्रहार से उत्पन्न क्षत को धारण करता था । क्योंकि (दन्तियों) के मदक्षरण से वह (तट) मुदित भ्रमरियों से व्याप्त था । क्योंकि बड़े लोग कष्ट सहन करके भी महान् उत्कर्ष के लिये यत्नशील रहते हैं ॥ ७ ॥

अनुहेमवप्रमरुणैः समतां गतमूर्मिभिः सहचरं पृथुभिः ।
स रथाङ्गनामवनितां करुणैरनुबध्नतीमभिननन्द रुतैः ॥ ८ ॥

अन्विति । सोऽर्जुनोऽनुहेमवप्रं कनकसानुसमीपे । समीपार्थेऽव्ययीभावः । अरुणैः । कनककान्त्युपरञ्जनादिति भावः । पृथुभिरूर्मिभिः समतां तुल्यरूपतां गतम् । सादृश्याद् दुर्विवेच्यमित्यर्थः । सह भूतं सहचरं प्रियम् । सहशब्दस्य पचाद्यजन्तेन चरशब्देन समासः । करुणैर्दीनै रुतैः कूजितैरनुबध्नतीमन्विष्यन्तीं रथाङ्गनामवनितां चक्रवाकीमभिननन्द । प्रकृष्टप्रेमदर्शनात्कस्य नानन्द इति भावः । अत्र तावदूर्मीणां स्वधावल्यत्यागेनारुण्यस्वीकारात्तद्गुणालङ्कारः—'तद्गुणः स्वगुणत्यागादन्योत्कृष्टगुणा-

श्रयात्'इति लक्षणात् । तन्मूला चेयं चक्रवाक्याः स्वकान्ते तरङ्गभ्रान्तिरिति तद्गुण-भ्रान्तिमतोरङ्गाङ्गिभावेन सङ्करः ।। ८ ।।

अर्जुन ने सुवर्ण-शिखर के समीप, अरुणवर्ण स्थूल लहरियों के सदृश होने के कारण, करुण-कूजन से अपने प्रिय (चक्रवाक) का अन्वेषण करती हुई चक्रवाकी को धैर्य बँधाया ।। ८ ।।

सितवाजिने निजगदू रुचयश्चलवीचिरागरचनापटवः ।
मणिजालमम्भसि निमग्नमपि स्फुरितं मनोगतमिवाकृतयः ।। ९ ।।

सितवाजिन इति । चलवीचिनां रागो रञ्जनं वर्णान्तरापादनं तस्य रचना क्रिया तत्र पटवः समर्था रुचयः प्रभाः । अम्भसि निमग्नमपि मणिजालम् । स्वाश्रयभूतमिति भावः । मनोगतं स्फुरितं रोषादिविकारमाकृतयो भ्रूभङ्गादिबाह्यविकारा इव । सितवाजिनेऽर्जुनाय निजगदुः । ज्ञापयामासुरित्यर्थः । आकृत्या हि मनोगतं विचक्षणा जानन्तीति भावः ।। ९ ।।

जिस तरह आकृतियाँ, उठते हुये मनोगत भाव को व्यक्त कर देती हैं उसी तरह चञ्चल तरङ्गों के रङ्गों की रचना करने में कुशल रत्नों की (प्रभायें) कान्ति जल में डूबी हुई भी मणियों की सूचना अर्जुन को देती थीं ।। ९ ।।

उपलाहतोद्धततरङ्गधृतं जविना विधूतविततं मरुता ।
स ददर्श केतकशिखाविशदं सरितः प्रहासमिव फेनमपाम् ।। १० ।।

उपलेति । उपलैराहता अतएवोद्धताश्च ये तरङ्गास्तैर्धृतम् । निर्गमरोधादित्यर्थः । जविना वेगवता मरुता वातेन विधूतं विततं च केतकस्य शिखाग्रं तद्वद्विशदमपां फेनं डिण्डीरम् । 'डिण्डीरोऽब्धिकफः फेनः' इत्यमरः । सरितः प्रहासमट्टहासमिवेत्युत्प्रेक्षा । सोऽर्जुनो ददर्श ।। १० ।।

अर्जुन ने केतकी के शिखाग्र के समान सफेद वर्ण जल के फेन को नदी के अट्टहास की तरह देखा । उन फेनराशियों में पत्थरों से प्रवाहगति अवरुद्ध होकर उत्तम तरङ्गें उठती थीं; और वे वेगवान वायु के झोकों से उड़कर दूर तक फैल रही थीं ।। १० ।।

बहु बर्हिचन्द्रकनिभं विदधे धृतिमस्य दानपयसां पटलम् ।
अवगाढमीक्षितुमिवेभपतिं विकसद्विलोचनशतं सरितः ।। ११ ।।

बह्विति ।। बर्हिचन्द्रकनिभं मयूरमेचकसदृशम् । 'समौ चन्द्रकमेचकौ' इत्यमरः । बह्वनेकधा दानपयसां पटलम् । जातावेकवचनम् । बहवो मदाम्बुबिन्दव इत्यर्थः । अवगाढमन्तः प्रविष्टम् । गाहेः कर्तरि क्तः । इभपतिमीक्षितुं विकसदुन्मिषत्सरितो विलोचनशतमिवेत्युत्प्रेक्षा । अस्यार्जुनस्य धृतिं प्रीतिं विदधे चकार ।। ११ ।।

मयूरपिच्छ के समान, प्रचुर, मदजल-बिन्दुयें, जलान्तःप्रविष्ट गजराज को अवलोकन के लिये नदी के खुले हुए सहस्रों नेत्रों की तरह दृक्पथानुसरण करती हुई अर्जुन के प्रीति-विवर्धन में सहकारिणी हुईं ॥ ११ ॥

प्रतिबोधजृम्भणविभिन्नमुखी पुलिने सरोरुहदृशा ददृशे।
पतदच्छमौक्तिकमणिप्रकरा गलदश्रुबिन्दुरिव शुक्तिवधूः ॥ १२ ॥

प्रतिबोधेति। प्रतिबोधः स्फुटनं निद्रापगमश्च तत्र यज्जृम्भणमुच्छूनता जृम्भा च तेन विभिन्नमुखी विश्लिष्टाग्रा विवृतास्या च। अतएव पतन्प्रसरन्नच्छो मौक्तिकमणीनां प्रकरः स्तोमो यस्याः सा तथोक्ता। अतएव गलदश्रुबिन्दुरिव स्थितेत्युत्प्रेक्षा। शुक्तिर्वधूरिव शुक्तिवधूः। पुलिने। शयनीय इवेति भावः। सरोरुहदृशार्जुनेन ददृशे दृष्टा। अत्र प्रतिबोधादिश्लिष्टपदोपात्तानां प्रकृतानां शुक्तिवध्वोश्चोपमारूपकयोः साधकबाधकाभावात्सन्देहालङ्कारः। तत्सापेक्षा चाश्रुगलनोत्प्रेक्षेति तयोरङ्गाङ्गिभावः ॥ १२ ॥

पुलिन प्रदेश में कमल-सदृश नेत्रवाले अर्जुन ने आंसुओं की झड़ी लगाती हुई रमणी की भाँति सीप को देखा। जिस तरह रमणी निद्रा परित्याग करने पर जँभाई लेती हैं उस समय उसका मुख खुल जाता है उसी तरह सीप का मुख भी खुला हुआ था और उस सीप से स्वच्छ मोतियों की किरणे निकल रही थीं ॥ १२ ॥

शुचिरप्सु विद्रुमलताविटपस्तनुसान्द्रफेनलवसंवलितः।
स्मरदायिनः स्मरयति स्म भृशं दयिताधरस्य दशनांशुभृतः ॥ १३ ॥

शुचिरिति। अप्सु शुचिः स्वच्छस्तनुना सान्द्रेण च फेनस्य लवेन शकलेन संवलितः सङ्गतो विद्रुमलताया विटपः पल्लवः। 'विटपः पल्लवे षिड्गे विस्तारे स्तम्बशाखयोः' इति विश्वः। स्मरदायिनः कामोद्दीपकस्य दशनांशुभृतो दन्तकान्तिकलितस्य। दयिताधरस्य। 'अधीगर्थ—' इत्यादिना षष्ठी। भृशं स्मरयति स्म। 'लट् स्मे' इति भूतार्थे लट्। 'मितां ह्रस्वः'। स्मरणालङ्कारः ॥ १३ ॥

स्वच्छ प्रवाललता के पल्लव छोटे और बड़े फेन के टुकड़ों से मिलकर अर्जुन को दशन-कान्तिकलित कामोद्दीपक, प्रियतमा के अधरपुट का स्मरण कराता था ॥ १३ ॥

उपलभ्य चञ्चलतरङ्गधृतं मदगन्धमुत्थिततवतां पयसः।
प्रतिदन्तिनामिव स सम्बुबुधे करियादसामभिमुखान्करिणः ॥ १४ ॥

उपलभ्येति। सोऽर्जुनश्चञ्चलतरङ्गधृतम्। तत्सङ्क्रान्तमित्यर्थः। मदगन्धमुपलभ्याघ्राय पयस उत्थितवताम्। रोषादिति शेषः। करियादसाम्। शाकपार्थिवादिषु द्रष्टव्यः। प्रतिदन्तिनामिवाभिमुखान्। अभियातानित्यर्थः। करिणो गजान्सम्बुबुधे। ददर्शेत्यर्थः ॥ १४ ॥

अर्जुन ने, चपल लहरियों से आवृत मदगन्ध का आघ्राण करके जल के ऊपरी सतह पर उठे हुए हाथियों के आकृति-सदृश जलीयजन्तु, जो प्रतिदन्तियों की तरह थे, सम्मुख युद्धार्थ आये हुए हाथियों के समान देखा ॥ १४ ॥

स जगाम विस्मयमुदीक्ष्य पुरः सहसा समुत्पिपतिषोः फणिनः ।
प्रहितं दिवि प्रजविभिः श्वसितैः शरदभ्रविभ्रममपां पटलम् ॥ १५ ॥

स इति । सोऽर्जुनः पुरोऽग्रे सहसा समुत्पिपतिषोः समुत्पतितुमिच्छोः । पतेः सन्नन्तादुप्रत्ययः । 'तनिपतिदरिद्रातिभ्यः सन इड् वा वक्तव्यः' इति विकल्पादिडागमः । फणिनः सर्पस्य प्रजविभिरतिवेगवद्भिः श्वसितैः फूत्कारैर्दिव्याकाशे प्रहितं प्रेरितं शरदभ्रस्य विभ्रमः इव विभ्रमः सौन्दर्यं यस्य तत् । शुभ्रमभ्रव्यापकं चेत्यर्थः । अपां पटलं पुर उदीक्ष्य विस्मयं जगाम । अत्रोपमानुप्राणिता स्वभावोक्तिरलङ्कारः ॥ १५ ॥

अर्जुन सहसा समुत्पतनाभिलाषी सर्प के वेगशाली फुफुकार के द्वारा आकाश में प्रक्षिप्त शरत्कालीन मेघ के सदृश रम्य जल-विन्दुओं को देखकर विस्मयान्वित हो गये ॥ १५ ॥

स ततार सैकतवतीरभितः शफरीपरिस्फुरितचारुदृशः ।
ललिताः सखीरिव बृहज्जघनाः सुरनिम्नगामुपयतीः सरित. ॥ १६ ॥

स इति । सोऽर्जुनः सैकतवतीः पुलिनवतीरभितः सफरीणां मत्स्यीनां परिस्फुरितान्येव चारवो दृशो यासां ताः । सुरनिम्नगां गङ्गामुपयतीर्भजन्तीः । इणः शतुरुगित्त्वान्ङीप् । अतएव वृहज्जघना ललिताः सखीरिव स्थिताः सरितस्ततारातिचक्रमे ॥ १६ ॥

अर्जुन ने सुरसरिता (गङ्गा) से सम्बन्ध करने वाली उन नदियों को पार किया जिनमें चारों तरफ चिलकती हुई मछलियाँ सुन्दर नेत्र से उपमित होती थीं और वे (सहायक नदियाँ) पुलिन प्रदेश-युक्त होने के कारण स्थूल-जघना, परम सौन्दर्य्यगुणान्विता वयस्या की समानता कर रही थीं ॥ १६ ॥

अधिरुह्य पुष्पभरनम्रशिखैः परितः परिष्कृततलां तरुभिः ।
मनसः प्रसत्तिमिव मूर्ध्नि गिरेः शुचिमाससाद स वनान्तभुवम् ॥ १७ ॥

अधिरुह्येति । सोऽर्जुनोऽधिरुह्य । अर्थाद्गिरिमिति शेषः । पुष्पभरेण नम्रशिखैर्नताग्रैस्तरुभिः परितः परिष्कृततलां भूषितस्वरूपाम् । 'अधः स्वरूपयोरस्त्री तलम्' इत्यमरः । 'सम्परिभ्यां करोतौ भूषणे' इति सुडागमः । शुचिं शुद्धाम् । अतएव मनसः प्रसत्तिमिव मूर्त्तं मनःप्रसादमिव स्थिताम् । तद्धेतौ तद्भावोत्प्रेक्षा । गिरेर्मूर्ध्नि वनान्तभुवमाससाद । अन्तः शब्दः स्वरूपवचनः । 'अन्तोऽध्यवसिते मृत्यौ स्वरूपे निश्चयेऽन्तिके' इति वैजयन्ती ॥ १७ ॥

पाण्डुनन्दन ने पहाड़ पर चढ़कर, इन्द्रनील गिरि के शिखर पर रम्य वनस्थली को साक्षात् मूर्त्ति-धारिणी मनकी प्रसन्नता के समान देखा जो (वनस्थली) पुष्प-सम्भार से अवनत शिखा वाले पादपों (वृक्षों) से झाड़-बोहार कर साफ सुथरी हो गई थी ॥ १७ ॥

अनुसानु पुष्पितलतावितति: फलितोरुभूरुहविविक्तवनः ।
धृतिमाततान तनयस्य हरेस्तपसेऽधिवस्तुमचलामचलः ॥ १८ ॥

अनुसान्विति ! अनुसानु प्रतिसानु । वीप्सार्थेऽव्ययीभावः । पुष्पिताः सञ्जातपुष्पा लताविततयो यस्मिन्सः । फलिता उरवो भूरुहा येषु तानि विविक्तानि विजनानि पूतानि वा वनानि यस्मिन्स तथोक्तः । 'विविक्तौ पूतविजनौ' इत्यमरः । अचल इन्द्रकीलो हरेस्तनयस्यार्जुनस्य तपसे तपश्चर्यार्थमधिवस्तुमधिष्ठातुम् । तनिक्रियापेक्षया समानकर्तृकत्वात्तुमुन् । अचलां धृतिमुत्साहमाततान । अत्राचलविशेषणपदार्थस्य धृतिकरणहेतुत्वात्काव्यलिङ्गमलङ्कारः ॥ १८ ॥

जिसकी प्रत्येक चोटियों पर पुष्पित लताओं के वितान झूम रहे थे, और फलभार से लदे हुए विशाल वृक्षों से युक्त पवित्र वनप्रदेश थे, उस इन्द्रनील पर्वत ने इन्द्रतनय (अर्जुन) को तपश्चर्य्याऽनुष्ठान में अविचल उत्साह बढ़ाया ॥ १८ ॥

प्रणिधाय तत्र विधिनाथ धियं दधतः पुरातनमुनेर्मुनिताम् ।
श्रममादधावसुकरं न तपः किमिवावसादकरमात्मवताम् ॥ १९ ॥

प्रणिधायेति । अथ तत्रादौ विधिना योगशास्त्रानुसारेण धियं चित्तवृत्तिं प्रणिधाय ध्येयविषये धियं नियम्य । 'नेर्गद–' इत्यादिना णत्वम् । मुनितां दधतः । तपस्यत इत्यर्थः । पुरातनमुनेः । अर्जुनस्येत्यर्थः । असुकरं दुष्करं तपःश्रमं खेदं नादधौ न चकार । तथाहि आत्मवतां मनस्विनामवसादकरमशान्तिजनकं किमिव । न किञ्चि-दित्यर्थः । इवशब्दो वाक्यालङ्कारे ॥ १९ ॥

उस (इन्द्रनील) पर्वत पर सर्वप्रथम योगशास्त्रानुकूल चित्त-वृत्ति का नियमन करके, मुनियों की वृत्ति धारण किये हुए अर्जुन को दुष्कर तपश्चर्य्या से किञ्चिन्मात्र भी खेद नहीं हुआ क्योंकि मनस्वियों के लिये कोई ऐसी वस्तु नहीं है जो चित्त में उद्वेग उत्पन्न करे ॥ १९ ॥

शमयन्धृतेन्द्रियशमैकसुखः शुचिभिर्गुणैरघमयं स तमः ।
प्रतिवासरं सुकृतिभिर्ववृधे विमलः कलाभिरिव शीतरुचिः ॥ २० ॥

शमयन्निति । धृतमिन्द्रियशमो विषयव्यावृत्तिरेवैकं मुख्यं सुखं येन स तथोक्तः । आत्माराम इत्यर्थः । अन्यत्र धृत इन्द्रियाणां शमः सन्तापनिवर्तनमेकमद्वितीयं सुख-माह्लादश्च येन स तथोक्तः । शुचिभिर्निर्मलैर्गुणैर्मैत्र्यादिभिः । अन्यत्र कान्त्यादिभिः ।

अघमयं पापरूपं तमोऽज्ञानम् । अन्यत्रान्धकारं च शमयन्निवर्तयन् । विमलोऽमलिनः पापरहितः शुभ्रोऽन्यत्र । सोऽर्जुनः प्रतिवासरं सुकृतिभिः सुकृतैः । तपोभिरित्यर्थः । स्त्रियां क्तिन् । कलाभिः शीतरुचिश्चन्द्र इव । ववृधे ॥ २० ॥

जिस प्रकार निर्मल चन्द्रमा, इन्द्रिय-सन्ताप-निवारण कर अद्वितीय सुख उत्पन्न करता हुआ, और अपने शुभ्र किरणों से अन्धकार का नाश करता हुआ अपनी सुन्दर कलाओं से प्रतिदिन बढ़ता रहता है उसी तरह किरीटी (अर्जुन) 'इन्द्रियों को विषयों की ओर से व्यावृत्त करना' परम सुख समझने वाले, अपने परम पवित्र मैत्र्यादि गुणों से पापरूप अज्ञाननाश करते हुए, सुकृत्यों से प्रतिदिन वृद्धि को प्राप्त होने लगे ॥ २० ॥

अधरीचकार च विवेकगुणादगुणेषु तस्त धियमस्तवतः ।
प्रतिघातिनीं विषयसङ्गरतिं निरुपप्लवः शमसुखानुभवः ॥ २१ ॥

अधरीचकारेति । किञ्चेति चार्थः । विवेकस्तत्त्वावधारणं स एव गुणस्तस्मात् । तेन हेतुनेत्यर्थः । 'विभाषा गुणेऽस्त्रियाम्' इति पञ्चमी । अगुणेषु कामक्रोधादिदोषेषु, विषये । तद्विरोधेन नञ्समासः । धियं चित्तवृत्तिमस्तवतो निवारितवतस्तस्यार्जुनस्य निरुपप्लवो निर्बाधः शमसुखानुभवः शान्त्यानन्दानुभवः प्रतिघातिनीं सोपप्लवां विषयसङ्गरतिं शब्दाद्युपभोगरुचिमधरीचकार । विषयनिःस्पृहं चकारेत्यर्थः । उत्कृष्टसुखलाभस्य प्रकृष्टवैराग्यहेतुत्वादिति भावः ॥ २१ ॥

निष्कण्टक शान्ति-सुखोपभोग ने, पच्चीसों तत्त्वों का अवधारण रूप गुण के द्वारा उस अर्जुन की बुद्धि को काम-क्रोधादि दोषों से दूर हटाते हुए, विविध विघ्नशालिनी विषयवासनाऽभिरुचि को नीचा दिखला दिया ॥ २१ ॥

मनसा जपैः प्रणतिभिः प्रयतः समुपेयिवानधिपतिं स दिवः ।
सहजेतरौ जयशमौ दधती बिभराम्बभूव युगपन्महसी ॥ २२ ॥

मनसेति । प्रयतोऽहिंसादिनिरतो मनसा ध्यानेन जपैर्विशिष्टमन्त्राभ्यासैः प्रणतिभिर्नमस्कारैः । एवं मनोवाक्कायकर्मभिर्दिवोधिपतिमिन्द्रं समुपेयिवानुपसेदिवान्सोऽर्जुनः सहजेतरौ नैसर्गिकागन्तुकौ । जीयतेऽनेनेति जयो वीररसः । 'एरच्' इत्यच् । शम्यतेऽनेनेति शमः । जयशमौ वीरशान्तिरसौ दधती पुष्णती महसी तेजसी युगपद्बिभराम्बभूव बभार । 'भीह्रीभृहुवाम्—' इति विकल्पादाम्प्रत्ययः । अत्र युगपद्वीरशान्ताधिकरणत्वाभिधानादस्य लोकाद्भुतमहिमत्वं व्यज्यते ॥ २२ ॥

उस (अर्जुन) ने स्वर्ग के अधिपति (इन्द्र) की प्राप्ति के लिये जीवहिंसादिकों से विरत होकर ध्यानपूर्वक मन्त्रों का जप और नमस्कारों के द्वारा स्वभावसिद्ध वीर और शान्त रस रूप तेज, जो उनके पोषक थे, धारण किया । अर्थात् परस्पर विरुद्ध वीर और शान्त दोनों रसों का पुट अर्जुन को देखने से मिलता था ॥ २२ ॥

शिरसा हरिन्मणिनिभः स वहन्कृतजन्मनोऽभिषवणेन जटाः ।
उपमां ययावरुणदीधितिभिः परिमृष्टमूर्धनि तमालतरौ ।। २३ ।।

शिरसेति ।। हरिन्मणिनिभो मरकतमणिश्यामोऽभिषवणेन स्नानेन कृतजन्मनो जनिताः । अतः पिशङ्गीरिति भावः । जटाः शिरसा वहन्सोऽर्जुनोऽरुणस्यानूरोर्दीधितिभिः परिमृष्टमूर्धनि व्याप्तशिरसि तमालतरावुपमां तमालतरोः सादृश्यं ययावित्यार्थीयमुपमा । तरोरौपम्याधिकरणत्वात्तदपेक्षया सप्तमी ।। २३ ।।

मरकत मणि के तुल्य अर्जुन के शरीर का रङ्ग था । वे नियमानुकूल अभिषेक करने से पिङ्गल वर्ण की जटा धारण करते हुए उस तमालवृक्ष से उपमित होते थे, जिसके शिखाग्र पर अंशुमाली (सूर्य) की किरणें व्याप्त हो रही थीं ।। २३ ।।

नोटः—श्लोकाङ्क २५–२७ तक तपसिद्धि दिखलाई गई है । इन तीनों पद्यों में 'तपसा' पद तृतीयान्त कर्ता है, इसका कर्म 'सः' यह पद है जो अर्जुन के लिये आया है ।। २३ ।।

धृतहेतिरप्यधृतजिह्ममतिश्चरितैर्मुनीनधरयञ्शुचिभिः ।
रचयाञ्चकार विरजाः स मृगांकमिवेशते रमयितुं न गुणाः ।। २४ ।।

धृतेति । धृतहेतिर्धृतायुधोऽप्यधृता जिह्मा मतिः कुटिलमतिर्येन सः । शुचिभिश्चरितैर्मुनीनधरयंस्तिरस्कुर्वन् । वेषेणैव भीषणो न तु कर्मणेति भावः । कुतः । विरजा रजोगुणरहितः सोऽर्जुनो मृगान् रचयाञ्चकार रमयामास । 'रञ्जेर्णौ मृगरमणे नलोपो वक्तव्यः' इति नलोपः । तथाहि । गुणा दयादयः कमिव रमयितुं नेशते । कं वा वशीकर्तुं न शक्नुवन्तीति भावः । शुद्धिरेव हि परं विश्वासबीजं परस्य न वेषो नापि संस्तव इति भावः ।। २४ ।।

यद्यपि अर्जुन ने शस्त्रधारण किया था तथापि ये सरलस्वभाव थे । उन्होंने अपने शुद्ध आचरणों से ऋषियों को भी जीत लिया था तथा रजोगुणों से निर्मुक्त होकर हरिणों को रमण कराया क्योंकि दया-दाक्षिण्यादि गुण किसको अपने वश में नहीं ला सकते ।। २४ ।।

अथास्य त्रिभिस्तपःसिद्धिमाह—अनुकूलेत्यादिना ।।

अनुकूलपातिनमचण्डगतिं किरता सुगन्धिमभितः पवनम् ।
अवधीरितार्तवगुणं सुखतां नयता रुचां निचयमंशुमतः ।। २५ ।।

अनुकूलेति । अनुकूलपातिनं न तु प्रतिकूलपातिनमचण्डगतिं मन्दगामिनं सुगन्धिम् । गन्धस्यैकत्वे तदेकान्तग्रहणेऽपि कवीनां निरङ्कुशत्वात्समासान्तः । अथवा केचिदागन्तुकत्वेऽप्येकवचनेन समासान्तमिच्छन्ति । पवनमभितः किरता । प्रवर्तयतेत्यर्थः । ऋतुरस्य प्राप्त आर्तवः । 'ऋतोरण्' इत्यण्प्रत्ययः । स चासौ गुणस्तिग्म-

त्वरूपः सोऽवधीरितस्तिरस्कृतो यस्य तमंशुमतो रुचां निचयं सुखतां सुखस्पर्शतां नयता प्रापयता । नयतेर्द्विकर्मकत्वम् ॥ २५ ॥

तपश्चर्या ने अनुकूल, मन्द, सुगन्धियुत वायु को अर्जुन के समीप विकीर्ण कर दिया तपनांशु (सूर्य) की किरण-राशि को जिसकी ग्रीष्मकालीन प्रखरता तिरस्कृत हो गई थी, सुखी कर दिया ॥ २५ ॥

नवपल्लवाञ्जलिभृतः प्रचये बृहतस्तरून्गमयतावनतिम् ।
स्तृणता तृणैः प्रतिनिशं मृदुभिः शयनीयतामुपयतीं वसुधाम् ॥ २६ ॥

नवेति । प्रचये पुष्पावचयप्रसङ्गे नवपल्लवा एवाञ्जलयस्तान्बिभ्रतीतितथोक्तान्बृहत उच्चांस्तरूनवनतिं नम्रतां गमयता । 'गतिबुद्धि' इत्यादिना तरूणां कर्मत्वम् । प्रतिनिशं निशि शयनीयतामुपयतीम् । शयनस्थानभूतामित्यर्थः । वसुधां मृदुभिस्तृणैः स्तृणताच्छादयता ॥ २६ ॥

जिस (तप) ने अर्जुन के पुष्प-चयन काल में नूतन किसलयाञ्जलिधारी, बड़े-बड़े वृक्षों को अवनत बना दिया था (जिससे अर्जुन को पुष्प के लिये वृक्ष पर चढ़ना न पड़े) और प्रतिरात्रि शयन-स्थान की भूमि को तृणों से आच्छादित कर दिया था (अर्थात् शयन के लिये बिस्तर न होने पर भी कोमल तृण ही बिस्तर का काम कर रहे थे) ॥ २६ ॥

पतितैरपेतजलदान्नभसः पृषतैरपां शमयता च रजः ।
स दयालुनेव परिगाढकृशः परिचर्ययानुजगृहे तपसा ॥ २७ ॥

पतितैरिति । अपेतजलदान्निरभ्रान्नभसः पतितैरपां पृषतैर्जलबिन्दुभी रजश्च शमयता तपसा कर्त्रा दयालुनेवेत्युत्प्रेक्षा । दयालुत्वे हेतुं सूचयति—परिगाढः कृशोऽतिक्षीणः सोऽर्जुनः परिचर्ययोक्तविधया शुश्रूषयानुजगृहेऽनुगृहीतः । अनुग्रहोऽत्र सहकारित्वमेव सर्वभूतानुकूल्यलिङ्गात्पचेलिमं तपोऽस्येति भावः । अस्य श्लोकत्रयस्याप्येकवाक्यत्वादुत्प्रेक्षैव प्रधानालङ्कारः ॥ २७ ॥

जिस (तप) ने निरभ्र आकाश होते हुए भी जल-बिन्दुओं की वर्षा करके धूलि का शमन कर दिया था इस प्रकार की शुश्रूषा से दयालु व्यक्ति की तरह अत्यन्त दुर्बल अर्जुन को उसने अनुगृहीत किया ॥ २७ ॥

महते फलाय तदवेक्ष्य शिवं विकसन्निमित्तकुसुमं स पुरः ।
न जगाम विस्मयवशं वशिनां न निहन्ति धैर्यमनुभावगुणः ॥ २८ ॥

महत इति ॥ सोऽर्जुनो महते फलाय श्रेयसे सस्याय च विकसत्पूर्वोक्तं शिवं सुखदं तन्निमित्तमेव कुसुमं पुरोऽग्रेऽवेक्ष्य विस्मयवशं न जगाम । तथाहि । वशिनामनुभाव-

एव गुणः स च धैर्यं न निहन्ति। विस्मयादिविकारं न जनयतीत्यर्थः। जनने वा तपः क्षीयेत। 'तपः क्षरति विस्मयात्' इति स्मरणादिति भावः॥ २८॥

[बड़े-बड़े फल होने की आशा में पड़ा हुआ कृषक सुन्दर विकसित पुष्प को देख कर कभी-कभी आश्चर्य में पड़ जाता है।] परन्तु अर्जुन यद्यपि महती सिद्धि रूप फल के लिये उद्यत थे तथापि विकसित होते हुए कार्य्य-सिद्धि-निमित्त कुसुम रूप जो लक्षण दिखलाई पड़ते थे उससे उनके मन में रञ्च भी विस्मय न हुआ, क्योंकि जितेन्द्रिय पुरुषों के अनुभव रूप गुण उन्हें धैर्य्य-च्युत नहीं करते॥ २८॥

तदभूरिवासरकृतं सुकृतैरुपलभ्य वैभवमनन्यभवम्।
उपतस्थुरास्थितविषादधियः शतयज्वनो वनचरा वसतिम्॥ २९॥

तदिति। सुकृतैस्तपोभिः करणैः अभूरिभिः कतिपयैरेव वासरैः कृतं तत्पूर्वोक्तं वैभवमतोऽन्यस्य न भवतीत्यनन्यभवम्। अन्यस्यासम्भवमितीत्यर्थः। पचाद्यजन्तोत्तर-पदेन नञ्समासः। उपलभ्य निश्चित्यास्थितविषादाः प्राप्तखेदाः धियो येषां ते वनचराः। 'तत्पुरुषे कृति बहुलम्' इति बहुलग्रहणाल्लुक्। शतेन शतस्य वा मखानां यज्वनः शतक्रतोः। अत्र सङ्ख्येयविशेषलाभो यजिसन्निधानादवगन्तव्यः। 'यज्वा तु विधिनेष्टवान्' इत्यमरः। 'सुयजोङ्‌वनिप्'। वसतिमुपतस्थुः प्रापुः॥ २९॥

वनचरों ने देखा कि इने-गिने समयों में ही सुकृतों के सहारे जो ऐश्वर्य इन्हें (अर्जुन को) प्राप्त हुआ हैं वह किसी अन्य के लिये असम्भव है अतः वे खिन्न होकर शतक्रतु इन्द्र के निवासस्थान (अमरावती) में पहुँचे॥ २९॥

विदिताः प्रविश्य विहितानतयः शिथिलीकृतेऽधिकृत्यविधौ।
अनपेतकालमभिरामकथाः कथयाम्बभूवुरिति गोत्रभिदे॥ ३०॥

विदिता इति। वनचरा इत्यनुवर्तनीयम्। विदिता ज्ञाताः। अनुमतप्रवेशाः सन्त इत्यर्थः। प्रविश्य विहितानतयः कृतप्रणामा अधिकृतकृत्यस्य नियुक्तकर्मणः शैलरक्षणा-त्मकस्य विधावनुष्ठाने शिथिलीकृते सति। अनपेतकालमनतिक्रान्तकालं यथा तथा गोत्रभिदे शक्रायेति वक्ष्यमाणप्रकारेणाभिरामकथाः श्राव्यवाचः। 'चिन्तिपूजिकथि-कुम्बिचर्चश्च' इत्यङ्प्रत्ययः। कथयाम्बभूवुः॥ ३०॥

उन वनचरों ने अनुमति लेकर प्रवेश किया फिर हाथ जोड़ कर इन्द्रदेव को नमस्कार किया। वे शैल-रक्षण रूप कार्य्य छोड़ कर आये हुये थे अतः समय का अतिक्रम न करते हुए श्रवण-सुखद वचनों से इन्द्र को सूचित किया॥ ३०॥

शुचिवल्कवीततनुरन्यतमस्तिमिरच्छिदामिव गिरौ भवतः।
महते जयाय मघवन्ननघः पुरुषस्तपस्यति तपञ्जगतीम्॥ ३१॥

शुचीति ॥ शुचिना वल्केन वल्कलेन वीताच्छादिता तनुर्यस्य सः । तिमिरच्छिदां सूर्यादीनामन्यतम इव स्थित इत्युत्प्रेक्षा । अनघः पुरुषः । मघवन्, भवतो गिरावि-न्द्रकीले जगतीं भुवं तपंस्तापयन्महते जयाय तपस्यति तपश्चरति । 'कर्मणो रोमन्थ' इत्यादिना क्यङि लट् ॥ ३१ ॥

(वनवासियों ने कहा) ऐ महाराज इन्द्र ! एक पुरुष आपके पर्वत (इन्द्रकील) पर वसुधा को तपाता हुआ महान् विजय-लाभ के लिये तपस्साधन कर रहा हैं। वह सर्वथा निष्पाप है। उसका शरीर स्वच्छ भूर्जपत्र से आच्छादित है और अन्धकार-निवर्तनक्षम तेजधारियों में से एक वह भी मालूम पड़ता है ॥ ३१ ॥

जयाय तपस्यतीत्युक्तम् । तत्र हेतुमाहुः —

स बिभर्ति भीषणभुजङ्गभुजः पृथु विद्विषां भयविधायि धनुः ।
अमलेन तस्य धृतसच्चरिताश्चरितेन चातिशयिता मुनयः ॥ ३२ ॥

स इति । भीषयेते इति भीषणौ । नन्द्यादित्वाल्ल्युप्रत्ययः । तौ च तौ भुजङ्गौ च ताविव भुजौ यस्य स तथोक्तः । पुरुषो विद्विषां भयविधायि पृथु धनुर्बिभर्ति । अतो जयार्थीत्यर्थः । अमलेन तस्य पुरुषस्य चरितेन धृतानि सच्चरितानि यैस्ते मुनयोऽतिशयिता अतिक्रान्ताः ॥ ३२ ॥

उस (तपस्वी) की भुजायें भयङ्कर सर्प के समान हैं। शत्रुओं को त्रासदायक एक महान् धनुष भी उसके पास है। उसके शुद्धाचरण से सच्चरित्रता-युक्त ऋषि भी जीत लिये गये हैं ॥ ३२ ॥

अथास्य तपःसिद्धिं वर्णयति—

मरुतः शिवा नवतृणा जगती विमलं नभो रजसि वृष्टिरपाम् ।
गुणसम्पदानुगुणतां गमितः कुरुतेऽस्य भक्तिमिव भूतगणः ॥ ३३ ॥

मरुत इत्यादिना ॥ मरुतो वाताः शिवाः सुखाः । जगती पृथ्वी नवतृणा । शय-नासनाद्यनुकूलेत्यर्थः । नभो विमलं नीहारादिरहितम् । रजसि सत्यपां वृष्टिर्भवतीति शेषः । किं बहुना । अस्य पुरुषस्य गुणसम्पदा भूतहितादिगुणसम्पत्त्या अनुगुणता-मनुकूलतां गमितः । वशीकृत इत्यर्थः । भूतगणः पृथिव्यादिपञ्चकं भक्तिं सेवां कुरुत इवेत्युत्प्रेक्षा ॥ ३३ ॥

और कहाँ तक कहें पञ्च महाभूत भी उसके दास बन गये हैं सुनिये—पवन देव अनुकूल होकर सुखकर हो गये हैं। भूमि हरे-भरे तृण से आच्छादित हो गई है (जिससे उसे विस्तर की भी आवश्यकता नहीं है) आकाश विना बादल के ही धूलि शान्त करनेके लिये वृष्टि कर देता है। उस पुरुष ने जीवों के ऊपर दया दाक्षिण्यादि रूप अपनी गुण-सम्पत्ति से पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश इन पञ्च महाभूतों को अपने अनुकूल बना लिया है अतः ये उसके वश होकर उसकी सेवा करते हुये की तरह मालूम पड़ते हैं ॥ ३३ ॥

इतरेतरानभिभवेन मृगास्तमुपासते गुरुमिवान्तसदः ।
विनमन्ति चास्य तरवः प्रचये परवान्स तेन भवतेव नगः ॥ ३४ ॥

इतरेतरेति ॥ किं च । मृगाः पशवस्तम् । अन्तेऽन्तिके सीदन्तीत्यन्तसदोऽन्तेवासिनः । 'सत्सूद्विष–' इति क्विप् । गुरुमिवेतरेतरेषामनभिभवेनाद्रोहेणोपासते सेवन्ते । प्रचये पुष्पावचये तरवोऽस्य विनमन्ति । करप्रचेया भवन्तीत्यर्थः । तस्येति सम्बन्धसामान्ये षष्ठी । किं बहुना । स नग इन्द्रकीलो भवतेव तेन पुरुषेण परवान्पराधीनः । सात्त्विकस्यापि तवैव तस्यातिशयो वर्तत इत्यर्थः ॥ ३४ ॥

और क्या कहें महाराज ! परस्पर द्रोह बुद्धि रखनेवाले वन्य पशु भी उसकी सेवा करते हैं :—
परस्पर वैमनस्य का परित्याग करके पशु वर्ग उसकी सेवा करता हैं जैसे विद्यार्थी लोग अपने गुरु की सेवा करते हैं । जब उसे फूलों की आवश्यकता पड़ती है तब वहाँ के वृक्ष उसके सामने झुक जाते हैं । इन्द्रकील आज तक आपके अधीन था अब वह उसके अधीन हो गया-सा प्रतीत होता है ॥ ३४ ॥

उरु सत्त्वमाह विपरिश्रमता परमं वपुः प्रथयतीव जयम् ।
शमिनोऽपि तस्य नवसङ्गमने विभुतानुषङ्गि भयमेति जनः ॥ ३५ ॥

उर्विति ॥ किं च । विपरिश्रमतायासेऽपि श्रमराहित्यमुरु महत्सत्त्वमन्तःसारमाह । दुर्बलस्य श्रमजयासम्भवादिति भावः । परममुत्तमं वपुर्जयं प्रथयतीव । आकारेणैव जिष्णुत्वं गम्यत इत्यर्थः । शमिनः शान्तस्यापि तस्य नवसङ्गमनेऽपूर्वप्राप्तौ जनो विभुतायाः प्रभावस्यानुषङ्गि व्यापकम् । न तु हिंसकत्वानुषङ्गीति भावः । भयमेति । शान्तोद्भवं प्रभावं गमयतीति भावः ॥ ३५ ॥

थोड़ा उसके बल पौरुष का भी अनुमान कर लीजिये :—उसे परिश्रम के कार्य में लेशमात्र भी थकावट नहीं आती इसीसे उसके बल का अनुमान किया जाता है । उसके विशाल आकार के देखने से मालूम पड़ता है कि वह बड़ा विजयी पुरुष है । यद्यपि वह शम का अवलम्बन करता है तथापि जब कभी किसी से उसका प्रथम समागम होता है उस समय उस व्यक्ति को उसकी विभुता से भय उत्पन्न हो जाता है ॥ ३५ ॥

अथेदृशोऽसौ क इति चेत्तन्न विद्म इत्याहुः—

ऋषिवंशजः स यदि दैत्यकुले यदि वान्वये महति भूमिभृताम् ।
चरतस्तपस्तव वनेषु सहा न वयं निरूपयितुमस्य गतिम् ॥ ३६ ॥

ऋषीति । स पुरुषः । ऋषिवंशजो, वेति शेषः । काकुर्वा । यदि वा दैत्यकुले । जात इति शेषः । यदि वा महति भूमिभृतामन्वये जातः । तव वनेषु तपश्चरतोऽस्य गतिं स्वरूपं निरूपयितुं वयम् । सहन्त इति सहाः । पचाद्यच् । न सहाः स्म इति शेषः ॥

हम लोग यह भी अनुमान नहीं कर सकते कि वह देवता है, या दैत्य है, अथवा कोई राजा है :—उसने ऋषि-कुल में जन्म लिया है अथवा किसी भूमिपाल के उच्च वंश में जन्म लिया हैं ? आपके वन में वह तपःसाधन कर रहा है हम लोग उसके भेद जानने में सर्वथा असमर्थ हैं ॥ ३६ ॥

अपृष्टपरिभाषणापराधं परिहरन्ति—

विगणय्य कारणमनेकगुणं निजयाऽथवा कथितमल्पतया ।
असदप्यदः सहितुमर्हसि नः क्व वनेचराः क्व निपुणा यतयः ॥ ३७ ॥

विगणय्येति ॥ अनेकगुणं बहुफलम् । इन्द्रत्वाद्यनेकफलसाधकत्वेन योग्यमित्यर्थः । कारणं तपोरूपं विगणय्य विचार्य । अथवा निजया नैसर्गिक्याल्पतया बालिश्येनाज्ञानत्वेन वा कथितं नोऽस्माकमद इदम् । वचनमित्यर्थः । असदसाध्वपि सहितुं सोढुम् । 'तीषसह—' इत्यादिना विकल्पादिडागमः । अर्हसि योग्योऽसि । तर्हि सदैव किं नोक्तं तत्राहुः—वनेचराः क्व । निपुणा यतयो विवेकबुद्धयः क्व । नोभयं सङ्गच्छत इत्यर्थः । अज्ञानं नापराध्यतीति भावः । अर्थान्तरन्यासोऽलङ्कारः ॥ ३७ ॥

उसके तपश्चर्य्या करने का क्या प्रयोजन है ? इसका हम लोगों ने अनेक प्रकार से अनुमान करके अथवा अपनी अज्ञता से जो यह बात, चाहे अनुचित भले ही हो, कहा हैं आप उसे क्षमा करने के योग्य हैं । जंगली जातियों की बुद्धि कहाँ और कुशल-मति तपस्वी कहाँ (दोनों में बहुत अन्तर है) ॥ ३७ ॥

अधिगम्य गुह्यकगणादिति तन्मनसः प्रियं प्रियसुतस्य तपः ।
निजुगोप हर्षमुदितं मघवा नयवर्त्मगाः प्रभवतां हि धियः ॥ ३८ ॥

अधिगम्येति । मघवेन्द्र इति पूर्वोक्तं गुह्यकगणात्तन्मनसः प्रियं प्रियसुतस्यार्जुनस्य तपोऽधिगम्य ज्ञात्वा । गुप्त्यपेक्षया समानकर्तृकत्वात् क्त्वानिर्देशः । उदितं तत्तपसो देवकार्यार्थत्वादुत्पन्नं हर्षं निजुगोप गोपयामास । तथा हि । प्रभवतां प्रभूणां धियो नयवर्त्मगा नीतिमार्गानुसारिण्यो हि । अन्यथा मन्त्रभेदे कार्यहानिः स्यादिति भावः ॥ ३८ ॥

सुरेन्द्र ने अपने प्रिय पुत्र अर्जुन के हृदयानन्दकर तपस्साधन की बात गुह्यकों (वनेचरों) के मुख से सुनकर, उत्पन्न होने वाले हर्षातिरेक को छिपा लिया (किसी को विदित होने न दिया) क्योंकि बड़े लोगों की बुद्धि सर्वदा नीतिपथावलम्बिनी होती हैं ॥ ३८ ॥

प्रणिधाय चित्तमथ भक्ततया विदितेऽप्यपूर्व इव तत्र हरिः ।
उपलब्धुमस्य नियमस्थिरतां सुरसुन्दरीरिति वचोऽभिदधे ॥ ३९ ॥

प्रणिधायेति ॥ अथ हरिरिन्द्रश्चित्तं प्रणिधाय विषयान्तरपरिहारेणात्मन्यवस्थाप्य तत्र तस्मिन्नर्जुने भक्त्या विदिते सत्यपि । उपलक्षणे तृतीया । अपूर्व इव । अविदित इवेत्यर्थः । 'पूर्वादिभ्यो नवभ्यो वा' इति विकल्पान्न स्मिन्नादेशः । अस्यार्जुनस्य नियमस्थिरतां दार्ढ्यमुपलब्धुम् । परीक्षितुमित्यर्थः । लोकप्रतीत्यर्थमिति भावः । सुरसुन्दरीरिति वक्ष्यमाणप्रकारं वचोऽभिदधे ॥ ३९ ॥

यद्यपि उन्होंने समाधिस्थ होकर देखा तो अर्जुन को अपना अनन्य भक्त पाया तथापि अपरिचित की भाँति तपस्या में दृढ संकल्प की परीक्षा के लिये अमरांगनाओं से कहा—॥३९॥

सुकुमारमेकमणु मर्मभिदामतिदूरगं युतममोघतया ।
अविपक्षमस्त्रमपरं कतमद्विजयाय यूयमिव चित्तभुवः ॥ ४० ॥

सुकुमारमिति । मर्मभिदां मर्मच्छेदिनाम् । अस्त्रान्तराणां मध्य इत्यर्थः । 'यतश्च निर्धारणम्' इति षष्ठी । अपरमन्यत्कतमत् । 'वा बहूनां जातिपरिप्रश्ने डतमच्' । यूयमिव सुकुमारं कोमलं न तु कठिनम् । अन्यत्तु कठिनं भवति । तथैकं न बहु । तत्त्वमेकं भवति । तथाणु सूक्ष्मं न स्थूलम् । अलक्ष्यलक्ष्यप्रवेशित्वादिति भावः । यत्तु लक्ष्यलक्ष्यप्रवेशि । तत्तु समीपलक्ष्यभेदि । तथातिदूरगं दूरलक्ष्यभेदि, तथाऽमोघतयाऽमोघत्वगुणेन युतं युक्तम् । न कदाचिद्व्यभिचरतीति भावः । अन्यत्तु कदाचिदपि लक्ष्यादपराध्यति । तथाऽविपक्षमसत्प्रतीकारम् । अन्यत्तु विद्यमानप्रतीकारम् । चित्तभुवः कामस्य । कर्तरि षष्ठी । विजयाय । एतद्विशेषणविशिष्टमस्त्रमस्तीति शेषः । न किंचिदस्तीत्यर्थः । अत्रोपमालङ्कारः । साभिप्रायविशेषणत्वात्परिकरालङ्कारश्च । तयोरुभयोरङ्गाङ्गिभावेन सङ्करः ॥ ४० ॥

और शस्त्रों की अपेक्षा कामदेव के बाण की महत्ता बहुत अंशों में बढ़ी-चढ़ी है क्योंकि— सुरसुन्दरियाँ, मनोभव का अस्त्र आप लोगों की तरह सुकुमार है (और अस्त्र तो ऐसे कभी नहीं देखने में आये क्योंकि वे सर्वथा कठिन होते हैं) मर्मस्पर्शी अस्त्रों में से यह एक है। और अस्त्रों की तरह आकार में बहुत बड़ा नहीं है बिल्कुल अणु है। और प्रकार के अस्त्र तो लक्ष्य के दूर होने पर कदाचित् विफल भी हो सकते हैं, परन्तु यह तो अमोघ है। और अस्त्र से रक्षा के लिए बहुत से साधन वर्तमान हैं, परन्तु इससे (कामदेव के बाण से) बचने का कोई उपाय ही नहीं है। (अब आप ही लोग बतलाइये कि) विजय प्राप्ति के लिये इससे बढ़कर दूसरा और कौन अस्त्र हो ही सकता है ? ॥ ४० ॥

असामर्थ्यशङ्कां परिहरति—

भववीतये हतबृहत्तमसामवबोधवारि रजसः शमनम् ।
परिपीयमाणमिव वोऽसकलैरवसादमेति नयनाञ्जलिभिः ॥ ४१ ॥

भवेति ॥ भववीतये संसारनिवृत्तये हतवृहत्तमसां निरस्तमहामोहानां योगिनां संबन्धि रजो गुणः । रजो धूलिरिति श्लिष्टरूपकम् । तस्य शमनं निवर्तकमवबोधस्तत्त्वज्ञानमेव वारि तद्वो युष्माकमसकलैरसमग्रैर्नयनान्येवाञ्जलयस्तैः परिपीयमाणमिवेत्युत्प्रेक्षा । अवसादं क्षयमेति । मुक्तानपि बध्नन्तीनां वः कथमसामर्थ्यमिति भावः । अत्रोत्प्रेक्षारूपकयोः सङ्करः ॥ ४१ ॥

आप लोग सर्वथा इस बात को भूल जायँ कि आप लोग तपस्वियों के समक्ष कुछ नहीं कर सकतीं क्योंकि :—

जन्म-मरण से छुटकारा पाने के लिए काम, क्रोध, मोह, मदादि, महामोह से पराङ्मुख मुनियों का तत्त्वज्ञान जो रजोगुण का विनाशक है, तथा जल रूप है (जल से रजः = धूलि शान्त हो जाती हैं) उसे आप लोग अपने सम्पूर्ण नेत्ररूपी अञ्जलियों से मानो पान कर चुकीं और वह आशु क्षीण हो जायगा ॥ ४१ ॥

बहुधा गतां जगति भूतसृजा कमनीयतां समभिहृत्य पुरा ।
उपपादिता विदधता भवतीः सुरसद्मयानसुमुखी जनता ॥ ४२ ॥

बहुधेति ॥ किं च । पुरा जगति बहुधा गतां नानामुखेन विप्रकीर्णां कमनीयतां चन्द्राद्युपमानद्रव्यगतलावण्यं समभिहृत्य संगृह्य भवतीर्विदधता सृजता भूतसृजा ब्रह्मणा जनता जनसमूहः । 'ग्रामजन–' इत्यादिना तल् । सुरसद्मयानसुमुखी स्वर्लोकयात्राप्रवणोपपादिता कृता । स्वर्गस्यापि यत्प्रसादात्सर्वलोकश्लाघ्यत्वम्, तासां वः कथमसामर्थ्यमिति भावः । अत्राप्सरसां प्रकीर्णलावण्यसंग्रहासम्बन्धेऽपि तत्सम्बन्धाभिधानादतिशयोक्तिः ॥ ४२ ॥

आप लोग यह कह सकती हैं कि जिस पञ्च महाभूत से और शरीरों की रचना होती है उसी से हमलोगों की भी रचना हुई है फिर हमलोग कोमल और सुन्दर कैसे हो गईं ? परन्तु यह बात नहीं है उसमें कारण दूसरा है :—

जब ब्रह्मदेव आप लोगों का निर्माण करने के लिये उद्यत हुए तब उन्होंने संसार भर की कमनीयता (कोमलता) जो इधर-उधर बिखरी हुई कहीं चन्द्रमा में थी, कहीं कमलों में थी, अथवा ऐसी ही बहुत सी जगहों में थी, उसे पहले एकत्रित करके आप लोगों की रचना की है यही कारण है कि जनता स्वर्लोक की प्राप्ति के लिये लालायित रहती है ॥ ४२ ॥

अथ कार्यांशमाह—

तदुपेत्य विघ्नयत तस्य तपः कृतिभिः कलासु सहिताः सचिवैः ।
हृतवीतरागमनसां ननु वः सुखसङ्गिनं प्रति सुखावजितिः ॥ ४३ ॥

तदिति ॥ तत्तस्मात्समर्थत्वात्कलासु गीतवाद्यादिषु कृतिभिः कुशलैः सचिवैर्गं-

न्धर्वैः सहिता उपेत्य गत्वा तस्य तपो विघ्नयत विघ्नवत्कुरुत । विहतेत्यर्थः । विघ्नवच्छब्दान्मत्वन्तात् 'तत्करोति–' इति णिचि लोट् । णाविष्ठवद्भावान्मतुपो लुक् । न चात्रासामर्थ्यशङ्का कार्येत्यर्थान्तरन्यासेनाह—हृतेति । ननु सम्बोधने । हे अप्सरसः, हृतानि वशीकृतानि वीतरागाणां निःस्पृहाणां मुमुक्षूणां मनांसि चित्तानि याभिस्तासां वो युष्माकमप्सरसां सुखसङ्गिनं पुरुषं प्रति सुखाभिलाषिणं प्रत्यवजिति-विजयः सुखा सुखसाध्या न तु दुष्करा खलु । एतेनायं सुखार्थी न मुमुक्षुरित्युक्तम् । अर्थान्तरन्यासः ॥ ४३ ॥

क्या आप लोग इस बात को समझ गईं कि आप लोगों की इतनी प्रशंसा क्यों की गई कदाचित् आप लोग अपने-अपने विचारों से अनेक प्रकार के कार्यों का अनुमान करेंगीं इस लिये मैं आप लोगों को स्वयं वतलाये देता हूँ सुनिये :—आप लोग वादन कलाओं में कुशल गन्धर्वों को साथ लेकर इन्द्रकील गिरि पर जायँ (जहाँ एक पुरुष तपश्चर्या कर रहा है) और उस पुरुष की तपश्चर्या को भ्रष्ट करें । आप लोग तो मुमुक्षुओं के चित्त को भी आकर्षित कर लेती हैं अतः सुखाभिलाषी पुरुष तो आसानी से वश में आ सकता है ॥ ४३ ॥

अथ सुखसङ्गित्वलिङ्गमाह—

अविमृष्यमेतदभिलष्यति स द्विषतां वधेन विषयाभिरतिम् ।
भववीतये न हि तथा स विधिः क शरासनं क च विमुक्तिपथः ॥ ४४ ॥

अविमृष्यमिति ॥ हे अप्सरसः, स पुरुषो द्विषतां शत्रूणां वधेन शत्रुहननद्वारा विषयाभिरतिं विषयसुखमभिलष्यति वाञ्छति । 'वा भ्राश–' इत्यादिना श्यन्प्रत्ययः । एतद्विषयासक्तत्वमविमृष्यमविचार्यम् । अविमृष्यमसंदिग्धव्यमिति । 'ऋदुपधाच्चा-क्लृपिचृतेः' इति क्यप् । भवतीभिर्न संदिग्धव्यमित्यर्थः । हि यस्मात्स विधिः 'स बिभर्ति भीषणभुजङ्गभुजः' इत्यादिश्लोकोक्तोऽनुष्ठानप्रकारो भववीतये संसारमुक्तये न भवति । कुत इत्याह–शरासनं धनुः क्व, विमुक्तेः पन्थाश्च क्व । द्वयं परस्परं विरुद्ध-मित्यर्थः । न खलु हिंसासाध्या मुक्तिरिति भावः । अर्थान्तरन्यासोऽलङ्कारः ॥ ४४ ॥

आप लोग यह भी नहीं कह सकतीं कि वह सुखार्थी नहीं है यदि है तो आपने (इन्द्र ने), कैसे जाना ? मैं इसे भी आप लोगों से बतला रहा हूँ थोड़ा ध्यान दीजिये :—वह तपस्वी शत्रु का विच्छेद कर के विषय-सुख की अभिलाषा करता है । वह 'विषयासक्त नहीं है इसकी शङ्का ही दूर रखनी चाहिये क्योंकि मुक्ति की कामना करने वालों के लिये इस तरह का तपस्साधन किस लिये हो सकता है । धनुष कहाँ और मुक्ति का मार्ग कहाँ (अर्थात् वह सशस्त्र तपश्चरण कर रहा है और मुक्तिमार्ग में अस्त्र की आवश्यकता नहीं है) इससे विदित होता है कि वह मुमुक्षु नहीं है ॥ ४४ ॥

न च शापभयमपि सम्भाव्यमस्मादित्याह—

पृथुधाम्नि तत्र परिबोधि च मा भवतीभिरन्यमुनिवद्विकृतिः ।
स्वयशांसि विक्रमवतामवतां न वधूष्वघानि विमृषन्ति धियः ॥ ४५ ॥

पृथ्विति ॥ पृथुधाम्नि महातेजसि तत्र तस्मिन्पुरुषविषयेऽन्यमुनिवदन्यस्मिन्मुनाविव । 'तत्र तस्येव' इति वतिप्रत्ययः । विकृतिः कोपविकारश्च भवतीभिर्मापरिबोधि मा विज्ञायि । मा शङ्कीति यावत् । बुध्यतेः कर्मणि लुङ् । माङ्योगादाशीरर्थेऽडागमाभावश्च । तथा हि—स्वयशांस्यवतां रक्षताम् । यशोधनानामित्यर्थः । विक्रमवतां धियश्चित्तानि वधूषु स्त्रीविषयेष्वघानि व्यसनानि । 'दुःखैनोव्यसनेष्वघम्' इति वैजयन्ती । न विमृषन्ति । अर्थान्तरन्यासः । स्त्रीहिंसायाः शूराणां यशोहानिकरत्वान्न सर्वथा वो हिनस्ति स इत्यर्थः ॥ ४५ ॥

सम्भव है आप लोग शाप से डरती हों किन्तु यह ठीक नहीं है क्योंकि :—यद्यपि वह महातेजस्वी है तथापि अन्य ऋषियों की तरह उसमें कोप-विकार का भी आप लोग ख्याल न करें क्योंकि जो पराक्रमशील पुरुष हैं और अपने यश की रक्षा करते हैं वे स्त्रियों के प्रति हिंसा-बुद्धि नहीं रखते ॥ ४५ ॥

आशंसितापचितिचारु पुरः सुराणामादेशमित्यभिमुखं समवाप्य भर्तुः ।
लेभे परां द्युतिममर्त्यवधूसमूहः सम्भावना ह्यधिकृतस्य तनोति तेजः ॥

आशंसितेति ॥ अमर्त्यवधूसमूहोऽप्सरसां गणः सुराणां पुरोऽग्र आशंसितापचितिभिरपेक्षितसम्भावनाभिश्चारु यथा तथा । 'क्षयार्चयोरपचितिः' इत्यमरः । अभिः मुखं समक्षं भर्तुः स्वामिन इति पूर्वोक्तमादेशं नियोगं समवाप्य परां द्युतिं लेभे । तथा हि । अधिकृतस्य क्वचिदधिकारे नियुक्तस्य सम्भावना स्वामिकृता पूजा तेजः कान्ति तनोति ॥ ४६ ॥

अमर-ललनाओं का समूह स्वामी के आदेश को मान कर देवताओं के समक्ष, पूर्वोक्त प्रकार की प्रशंसा से अधिक सुन्दर कान्ति को प्राप्त हुआ क्योंकि किसी अधिकार में लगाये गये पुरुष की यदि प्रशंसा की जाय तो उसके तेज की अभिवृद्धि होती है ॥ ४६ ॥

प्रणतिमथ विधाय प्रस्थिताः सद्मनस्ताः
स्तनभरनमिताङ्गीरङ्गनाः प्रीतिभाजः ।
अचलनलिनलक्ष्मीहारि नालं बभूव
स्तिमितममरभर्तुर्द्रष्टुमक्ष्णां सहस्रम् ॥ ४७ ॥

इति भारविकृतौ महाकाव्ये किरातार्जुनीये षष्ठः सर्गः ।

प्रणतिमिति ॥ अथ प्रणतिं विधाय सद्मन इन्द्रभवनात्प्रस्थिताः प्रचलिताः स्तनभरैर्नमितान्यङ्गानि यासां ताः । 'अङ्गगात्रकण्ठेभ्यो वक्तव्यम्' इति ङीष् ।

प्रीतिभाजः स्वामिसम्भावनया सन्तुष्टास्ता अङ्गना अचलनलिनानां स्थिरकमलानां लक्ष्मीर्हरतीति तत्तथोक्तम् । तद्वन्मनोहरमित्यर्थः । कुतः । स्तिमितं विस्मयनिश्चलममरभर्तुरक्ष्णां सहस्रं कर्तृ द्रष्टुमलं समर्थं न बभूव । तासां सौन्दर्यसागरस्योद्वेलत्वादिति भावः । अत्रोपमालङ्कारः ॥ ४७ ॥

इति श्रीमहामहोपाध्यायकोलाचलमल्लिनाथसूरिविरचितायां किरातार्जुनीयकाव्यव्याख्यायां घण्टापथसमाख्यायां षष्ठः सर्गः समाप्तः ।

ये अप्सरायें इन्द्र को प्रणाम कर घर से चल दीं । वे (पीवर) स्तनों के भार से झुकी हुई थीं । स्वामी की सम्भावना से वे खूब तृप्त हो चुकी थीं । उनके सौन्दर्य को अविचल कमल की शोभा अपहरण करने वाले सुरराज के सहस्रों नेत्र भी टकटकी बाँधकर देखने में समर्थ न हो सके अर्थात् हजार आँखें भी उन ललनाओं के सौन्दर्य देखने के लिये जहाँ कहीं पड़तीं, वे वहाँ की शोभा देखने से तृप्त नहीं होती थीं ॥ ४७ ॥

इति षष्ठ सर्ग ।

सप्तमः सर्गः

श्रीमद्भिः सरथगजैः सुराङ्गनानां गुप्तानामथ सचिवैस्त्रिलोकभर्तुः ।
संमूर्च्छन्नलघुविमानरन्ध्रभिन्नः प्रस्थानं समभिदधे मृदङ्गनादः ॥ १ ॥

श्रीमद्भिरिति ॥ अथ प्रस्थानानन्तरं श्रीमद्भिः शोभावद्भिः । सह रथगजेन सरथगजास्तैः । 'तेन सहेति तुल्ययोगे' इति बहुव्रीहिः । त्रयाणां लोकानां भर्तुस्त्रिलोकभर्तुरिन्द्रस्य । 'तद्धितार्थ—' इत्यादिनोत्तरपदसमासः । सचिवैर्गन्धर्वैर्गुप्तानां सुराङ्गनानां प्रस्थानं गमनमलघुषु महत्सु-विमानरन्ध्रेषु विमानानां कुक्षिकुहरेषु भिन्नप्रतिध्वानैरनेकीभूतोऽत एव संमूर्च्छन्व्याप्नुवन्मृदङ्गनादः समभिदधे आचख्यौ । पौरेभ्य इति शेषः । अस्मिन्सर्गे प्रहर्षिणीवृत्तम्—'म्नौ ज्रौ गस्त्रिदशयतिः प्रहर्षिणीयम्' इति लक्षणात् ॥ १ ॥

त्रिलोकेश (इन्द्र) की अप्सरायें, सुन्दर-सुन्दर रथ और हाथियों के साथ गन्धर्वों से सुरक्षित होकर प्रस्थान कीं । उसकी सूचना मृगङ्ग-घोष ने दिया जो (मृदङ्ग-घोष) विमानों के बड़े-बड़े झरोखों से प्रतिध्वनित होने के कारण अनेक होकर सर्वत्र व्याप्त हो गया था ॥ १ ॥

सोत्कण्ठैरमरगणैरनुप्रकीर्णान्निर्याय ज्वलितरुचः पुरान्मघोनः ।
रामाणामुपरि विवस्वतः स्थितानां नासेदे चरितगुणत्वमातपत्रैः ॥ २ ॥

सोत्कण्ठैरिति ॥ सोत्कण्ठैः । अवेक्षणोत्सुकैरित्यर्थः । अमरगणैरनुप्रकीर्णादाकीर्णाज्ज्वलितरुचो दीप्तप्रभान्मघोन इन्द्रस्य पुरादमरावत्या निर्याय निर्गत्य । यातेः क्त्वो ल्यप् । विवस्वत उपरि स्थितानां रामाणाम् । आतपात्त्रायन्त इत्यातपत्रैः । 'सुपि—' इति योगविभागात्कप्रत्ययः । चरितगुणत्वं सार्थकत्वं नासेदे न प्राप । तासां सूर्योपरिस्थितत्वादातपासम्भवादिति भावः ॥ २ ॥

उनके प्रस्थान की सूचना पाते ही अमरावती में इधर-उधर देवता लोग उत्कण्ठित हो घूमने लगे । उस समय इन्द्रपुरी का प्रभाव बढ़ गया था । वहाँ से सुरवनितायें चल कर जब सूर्यमण्डल के ऊपर पहुँच गईं, तब वहाँ उनके आतपत्र (छाते) व्यर्थ हो गये कारण यह है कि सूर्य की किरणें तो सीधे पृथ्वी की ओर पड़ती हैं; अतः सूर्यमण्डल के ऊपर उनके चले जाने के कारण उनपर किरणें नहीं पड़ती थीं अतः जिनका अर्थ है—आतप = धूप त्र = रक्षा करना, धूप से रक्षा करना वे उनके छाते व्यर्थ ही हो रहे थे, क्योंकि जिससे रक्षा करना उस वस्तु का अभाव ही था तो फिर रक्षा किससे ? ॥ २ ॥

धूतानामभिमुखपातिभिः समीरैरायासादविशदलोचनोत्पलानाम् ।
आनिन्ये मदजनितां श्रियं वधूनामुष्णांशुद्युतिजनितः कपोलरागः ॥ ३ ॥

धूतानामिति ॥ अभिमुखपातिभिः समीरैः प्रतिकूलवायुभिर्धूतानामिति दुर्निमित्तसूचनम् । आयासाद्गतिप्रयासादविशदलोचनोत्पलानां वधूनामुष्णांशुद्युतिजनित आतपकृतः कपोलानां रागः पाटलत्वम् । मदेन जनितां श्रियम् । तत्सदृशीं श्रियमित्यर्थः । अत एव निदर्शनालङ्कारः । आनिन्य आनीतवान् वधूरिति शेषः । आङ्पूर्वान्नयतेः कर्तरि लिट् । अकारानुबन्धत्वादात्मनेपदम् ॥ ३ ॥

(मार्ग में) प्रतिकूल वायु के कारण उनके (सुर-ललनाओं) के अङ्ग शिथिल हो गये । मार्गजनित श्रमके कारण उनके नेत्र कमल भी मुरझाये हुए थे । (परिश्रम के कारण जो उनके कपोल की अरुणिमा नष्ट हो गई थी) वह कपोल की लालिमा, जो सूर्य की किरणों से फिर लौट आई थी, उन अमर ललनाओं को मदों से उत्पन्न शोभा को पहले की भाँति कर दिया ॥ ३ ॥

तिष्ठद्भिः कथमपि देवतानुभावादाकृष्टैः प्रजविभिरायतं तुरङ्गैः ।
नेमीनामसति विवर्तने रथौघैरासेदे वियति विमानवत्प्रवृत्तिः ॥ ४ ॥

तिष्ठद्भिरिति ॥ कथमपि बाढम् । 'कथमादि तथाप्यन्ते यत्ने गौरवबाढयोः' इति वैजयन्ती । देवतानामनुभावात्तिष्ठद्भिः । अपतद्भिरित्यर्थः । रथविशेषणमेतत् । प्रजविभिर्वेगवद्भिस्तुरङ्गैरायतं दूरमाकृष्टे रथौघैर्वियत्याकाशे नेमीनां चक्रधाराणाम् । 'चक्रधारा प्रधिर्नेमिः' इति यादवः । विवर्तने भ्रमणेऽसति विमानवद्वि-

मानानामिवेत्युपमा । 'तत्र तस्येव' इति वतिप्रत्ययः । प्रवृत्तिर्गतिरासेदे प्राप्ता । सदेः कर्मणि लिट् ॥ ४ ॥

सुर-बालाओं के रथ-समूह देवताओं के प्रभाव से आकाश-मण्डल से टिके हुए थे। अत्यन्त वेगशाली अश्व उनका सञ्चालन करते थे। निराधार होने के कारण उनके चक्र की भ्रान्ति रुक गई थी जिससे वे अन्तरिक्ष में जाते हुए साक्षात् विमान बन गये थे ॥ ४ ॥

कान्तानां कृतपुलकः स्तनाङ्गरागे वक्त्रेषु च्युततिलकेषु मौक्तिकाभः ।
सम्पेदे श्रमसलिलोद्गमो विभूषां रम्याणां विकृतिरपि श्रियं तनोति ॥ ५ ॥

कान्तानामिति । कान्तानां स्तनानामङ्गरागे कृतपुलको जनितोद्भेदः । कृतरोमाञ्च इत्यर्थः । च्युताः प्रमृष्टास्तिलका येषां तेषु वक्त्रेषु मौक्तिकाभः श्रमसलिलोद्गमः स्वेदोद्भेदो विभूषां भूषणं सम्पेदे सम्पन्नः । कर्तरि लिट् । तथाहि । रम्याणां स्वभावसुन्दराणां विकृतिरपि श्रियं तनोति । अतः स्वेदस्यापि विभूषणत्वमुपपद्यत इति भावः ॥ ५ ॥

देव वधूटियों के श्रम-जलकण ने उनके स्तनों को रोमाञ्चित कर दिया था। उससे उनके भाल के तिलक भी मिट रहे थे। वे मोती की तरह झलक रहे थे। उस समय वे (श्रम कण) उनके अलङ्कार का कार्य कर रहे थे। क्योंकि स्वाभाविक मनोरम वस्तुओं में यदि कोई विकृति उत्पन्न हो जाय तो उससे उनकी शोभा ही होती है ॥ ५ ॥

राजद्भिः पथि मरुतामभिन्नरूपैरुल्कार्चिःस्फुटगतिभिर्ध्वजांशुकानाम् ।
तेजोभिः कनकनिकाषराजिगौरैरायामः क्रियत इव स्म सातिरेकः ॥ ६ ॥

राजद्भिरिति । मरुतां पथ्याकाशे राजद्भिर्दीप्यमानैरभिन्नरूपैरविच्छिन्नाकारैरत एवोल्कानामर्चींषीव स्फुटगतीनि दीप्तमार्गाणि येषां तैः । कनकस्य निकाषः कषणं तस्य राजी रेखा तद्वद्गौरैररुणैः । 'गौरैः पीतेऽरुणे श्वेते' इति विश्वः । ध्वजांशुकानां तेजोभिः पताकाकान्तिभिरायामस्तेषामेव दैर्घ्यं सातिरेकः सातिशयः क्रियते स्मेव कृत इव । दीर्घा ध्वजपटाः स्वतेजःप्रसारेण दीर्घतमा इव लक्ष्यन्त इवेत्युत्प्रेक्षा । सा चोल्काद्युपमानुप्राणिता ॥ ६ ॥

विमानस्थ पताकाओं के वस्त्रों की दीप्तियाँ नील नभ में सुशोभित हो रही थी। सबों के आकार एक से थे। तारों की गति सदृश उनकी भी गति व्यक्त थी। वे कसौटी पर घिसी हुई सुवर्ण-रेखा के सदृश अरुण वर्ण की थीं। वे (पताकाओं की कान्तियाँ) उन पताकाओं के वस्त्रों की लम्बान और चौड़ान को अधिक विस्तृत की तरह बना रही थीं ॥ ६ ॥

रामाणामवजितमाल्यसौकुमार्ये सम्प्राप्ते वपुषि सहत्वमातपस्य ।
गन्धर्वैरधिगतविस्मयैः प्रतीये कल्याणी विधिषु विचित्रता विधातुः ॥ ७ ॥

रामाणामिति ॥ मालेव माल्यं तस्य सौकुमार्यमवजितं येन तस्मिन् । कुसुमादपि सुकुमार इत्यर्थः । रामाणां वपुष्यातपस्य । कृद्योगे कर्मणि षष्ठी । सहत इति सहः क्षमः पचाद्यच् । तस्य भावः सहत्वम् । तत्सम्प्राप्ते सत्यधिगतविस्मयैः सम्प्राप्ताश्चर्यैर्गन्धर्वैर्विधातुर्विधिषु सृष्टिषु कल्याणी साधीयसी । उपकारकत्वादिति भावः । विचित्रता नानाविधत्वं प्रतीयेऽवगता ज्ञाता । प्रतिपूर्वादिणः कर्मणि लिट् ॥ ७ ॥

गन्धर्वों ने देखा कि स्त्रियों के शरीर ने सुकुमारता में फूलों को भी जीत लिया है तथापि धूप सहने की शक्ति इनमें काफी वर्तमान है । इससे उन्हें बड़ा आश्चर्य हुआ और उन्हें यह प्रतीति हुई कि ब्रह्मा की सृष्टि-रचना-कुशलता बड़ी ही कल्याण-प्रसविनी है ॥ ७ ॥

सिन्दूरैः कृतरुचयः सहेमकक्ष्याः स्रोतोभिस्त्रिदशगजा मदं क्षरन्तः ।
सादृश्यं ययुररुणांशुरागभिन्नैर्वर्षद्भिः स्फुरितशतह्रदैः पयोदैः ॥ ८ ॥

सिन्दूरैरिति ॥ सिन्दूरैर्नागसम्भवाख्यै रागद्रव्यैः । 'सिन्दूरं नागसम्भवम्' इत्यमरः । कृतरुचयः । अलङ्कृता इत्यर्थः । सह हेम्नः कक्ष्याभिर्मध्येभबन्धनैः सहेमकक्ष्याः । 'तेन सहेति तुल्ययोगे' इति बहुव्रीहिः । 'कक्ष्या प्रकोष्ठे हर्म्यादेः काञ्च्यां मध्येभबन्धने' इत्यमरः । स्रोतोभिः सप्तभिर्मदनाडीभिः । 'करात्कटाभ्यां मेढ्राच्च नेत्राभ्यां च मदच्युतिः' इति पालकाप्ये । करान्नासारन्ध्राभ्यामित्यर्थः । मदं क्षरन्तो वर्षन्तस्त्रिदशगजा अरुणस्यार्कस्यांशूनां रागेणारुण्येन भिन्नैः संसृष्टैर्वर्षद्भिः स्फुरितशतह्रदैः स्फुरिततडित्कैः पयोदैः सादृश्यं ययुरित्युपमालङ्कारः ॥ ८ ॥

(उन) देवताओं के हाथी, जो सिन्दूर से सुशोभित किये गये थे और स्वर्ण की शृङ्खलाओं से जिनकी पेटी बँधी हुई थी, वे अपने अङ्गों से मद-स्रवण करते हुए उन मेघमण्डलों के सदृश दिखलाई पड़ते थे जिन पर सूर्य की किरणें पड़ रही हों, और रह-रह कर चपला (बिजली) चमक जाती हो; तथा जो वारिधारा वर्षण कर रहे हों तात्पर्य यह है कि हाथी काले-काले बादल के समान थे, उनका सिन्दूर-रञ्जित अलंकार सूर्य्य की किरणों की समानता कर रहा था, और स्वर्ण शृङ्खला बिजली के समान थी एवं मदक्षरण जलवृष्टि सदृश था ॥ ८ ॥

अत्यर्थं दुरुपसदादुपेत्य दूरं पर्यन्तादहिममयूखमण्डलस्य ।
आशानामुपरचितामिवैकवेणीं रम्योर्मि त्रिदशनदीं ययुर्बलानि ॥ ९ ॥

अत्यर्थमिति ॥ बलानि सैन्यान्यत्यर्थं दुरुपसदाद् दुःसहादहिममयूखमण्डलस्य सूर्यबिम्बस्य पर्यन्तात्समीपाद् दूरमुपेत्यागत्याशानामुपरचितां गुम्फितामेकवेणीमिव स्थितामिवेत्युत्प्रेक्षा । रम्या ऊर्मयस्तरङ्गा भङ्गयश्च यस्यास्तां त्रिदशनदीं मन्दाकिनीं ययुः प्रापुः ॥ ९ ॥

वह सुरबालाओं की सेना असह्य सूर्य्यमण्डल के समीप से दूर जाकर देव-सरिता (गंगा) के पास पहुँची जिसमें मनोहर तरंगें उठ रही थीं । आकाश-गंगा का जल स्वच्छ

नील वर्ण दिखलाई पड़ता था जिससे वह (आकाश गङ्गा) दिशारूपी सुन्दरी की उपरचित: एकवेणी की भाँति प्रतीत होती थी ॥ ९ ॥

आमत्तभ्रमरकुलाकुलानि धुन्वन्नुद्धूतग्रथितरजांसि पङ्कजानि ।
कान्तानां गगननदीतरङ्गशीतः सन्तापं विरमयति स्म मातरिश्वा ॥ १० ॥

आमत्तेति ॥ आमत्तैर्भ्रमरकुलैराकुलान्यूद्धूतान्युत्थापितानि ग्रथितान्यन्योन्यसम्बद्धानि च रजांसि येषु तानि पङ्कजानि धुन्वन्कम्पयन् । सुरभिरित्यर्थः । गगननदीतरङ्गैः शीतो मातरिश्वा वायुः । कान्तानां सन्तापं विरमयति स्म शमयामास । मातर्यन्तरिक्षे श्वयतीति मातर्या श्वयतीति वेति नैरुक्ताः ॥ १० ॥

उसकी (आकाश-गङ्गा की) लहरों से शीतल वायु, जिस पर मतवाले भ्रमरों के समूह से व्याप्त कमलों के जमे हुए पराग उद्भिन्न हो गये थे, उड़ता हुआ अबलाओं के सन्ताप को शान्त कर दिया ॥ १० ॥

सम्भिन्नैरिभतुरगावगाहनेन प्राप्योर्वीरनु पदवीं विमानपङ्क्तीः ।
तत्पूर्वं प्रतिविदधे सुरापगाया वप्रान्तस्खलितविवर्तनं पयोभिः ॥ ११ ॥

सम्भिन्नैरिति ॥ इभतुरगावगाहनेन हस्त्यश्वावलोडनेन सम्भिन्नैः संक्षुभितैः सुरापगायाः पयोभिः कर्तृभिः । पदवीमनु । पदव्यामित्यर्थः । 'लक्षणेत्थंभूत—' इत्यादिना कर्मप्रवचनीयत्वाद् द्वितीया उर्वीर्विपुला विमानपङ्क्तीः प्राप्य । तदेव पूर्वं तत्पूर्वमिदं प्रथमं यथा तथाकाशगङ्गायास्तटाभावादिति भावः । वप्रान्तेषु रोधोभूमिषु स्खलितानि तैर्विवर्तनं प्रत्यावृत्तिर्वप्रान्तस्खलितविवर्तनं तटान्तस्खलनप्रतिवर्तनम् । 'वप्रः पितरि केदारे वप्रः प्रकाररोधसोः' इति वैजयन्ती । प्रतिविदधे चक्र इत्यतिशयोक्तिः ॥ ११ ॥

सुरनदी (आकाश गंगा) के जल, हाथी और घोड़ों की जल-क्रीड़ा से क्षुब्ध होकर रथों की पंक्तियों से, जो पट पर अवस्थित थीं, टकरा कर लौट आये, यह तट से जाकर टकराना और फिर लौट आना उनके लिये बिल्कुल नया था (क्योंकि आकाश-गंगा तो आकाश में प्रवाहित होती है । आकाश में तट कहाँ ? उन देव-वधूटियों के रथ पंक्तिबद्ध होकर खड़े थे वे ही तट के समान बन गये जिससे गंगा के जल• क्षुब्ध होकर टकराये) ॥ ११ ॥

क्रान्तानां ग्रहचरितात्पथो रथानामक्षाग्रक्षतसुरवेश्मवेदिकानाम् ।
निःसङ्गं प्रधिभिरुपाददे विवृत्तिः संपीडक्षुभितजलेषु तोयदेषु ॥ १२ ॥

क्रान्तानामिति ॥ ग्रहैः सूर्यादिभिश्चरितादाश्रितात् । कर्मणि क्तः पथो मार्गात्क्रान्तानां निष्क्रान्तानामक्षाश्चक्राधारा दारुविशेषास्तेषामग्रैः क्षता दारिताः सुरवेश्मवेदिका यैस्तेषां रथानां प्रधिभिर्नेमिभिश्चक्रान्तैः । 'चक्रं रथाङ्गं तस्यान्ते नेमिः स्त्री स्यात्प्रधिः पुमान्' इत्यमरः । संपीडेन नोदनेन क्षुभितानि जलानि येषां

